वर्ष 24, अंक 312, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 21 मई 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



# झुलसती दिल्ली सुलगती धूप 47 डिग्री का टॉर्चर

## दिल्ली, यूपी और एमपी... अगले 7 दिन गर्मी का रेड अलर्ट

**नई दिल्ली**

**पूर्वी** यूपी और पश्चिमी यूपी में इन दिनों लू और भीषण गर्मी का कहर जारी है, मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ की ओर से 19 और 20 मई को लेकर उत्तर प्रदेश के लिए लू की चेतावनी जारी की गई है. इसके साथ ही लोगों को जरूरी सलाह भी मौसम विभाग की तरफ से दी गई है.

मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ की तरफ से जारी पूवार्नुमान के मुताबिक, अगले दो दिनों के दौरान उत्तर प्रदेश के कई जिलों में लू से लेकर भीषण लू चलने की संभावना है. इस दौरान लोगों को आवश्यक सावधानी बरतने और अत्यधिक गर्मी में लंबे समय तक बाहर रहने से बचने की सलाह मौसम विभाग की तरफ से दी गई है.

19 और 20 मई को लू का रेड अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार, दिनांक 19 मई 2026 मंगलवार को उत्तर प्रदेश के आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, झांसी, हमीरपुर, महोबा, बांदा और फतेहपुर में लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है. इसके अलावा दिनांक 20 मई 2026 बुधवार को उत्तर प्रदेश के आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, झांसी, हमीरपुर, महोबा, बांदा, फतेहपुर, औरैया, चित्रकूट, कौशांबी और प्रयागराज में लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है।



## मौसम वैज्ञानिक दे रहे ये चेतावनी

## लोगों को दी गईं स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सलाह

**उत्तर** प्रदेश में गर्मी अपने पूरे तेवर में है, और हर इन दिनों गर्मी से परेशान नजर आ रहा है. गर्मी और लू से बचाव के लिए जरूरी उपाय किए जा रहे हैं. हालांकि, एहतियात के तौर मौसम ने लोगों को सलाह दी है कि पर्याप्त पानी पिएं, सीधी धूप से बचें, बुजुर्गों और बच्चों का ध्यान रखें. दोपहर के चरम समय में बाहरी गतिविधियों से बचें.



इसके अलावा धूप में जाते समय सिर को कपड़े टोपी या छतरी से ढंककर रखें. खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस, घर में बने पेप जैसे लस्सी, तोरानी/चावल का पानी, नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें. दोपहर के समय जानवरों को चराने से बचें और उन्हें पर्याप्त तरल पदार्थ के सेवन के साथ छाया में रखें.



## राहुल ने पीएम-शाह को बताया 'गद्दार'; बीजेपी बोली- यह पाकिस्तान की भाषा



**रायबरेली**

**लोकसभा** में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी कर-के एक बार फिर गरमागरम राजनीतिक बहस छेड़ दी है। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को गद्दार करार दिया और उन पर देश के हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आपके प्रधानमंत्री और गृह मंत्री गद्दार हैं। जब भी भाजपा-आरएसएस के लोग आपके सामने आकर नरेंद्र मोदी-अमित शाह के बारे में बात करें, तो उन्हें खुलकर बता दें। नरेंद्र मोदी-अमित शाह गद्दार हैं। भाजपा-आरएसएस गद्दार हैं, क्योंकि आपने मिलकर देश को बेच दिया है। भाजपा-आरएसएस ने संविधान, वीर पासी जी, गांधी जी और अंबेडकर जी पर हमला किया है।

गांधी ने आगे कहा कि पेट्रोल और डीजल समेत रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे परिवारों पर भारी दबाव पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि देश का आम नागरिक भारी आर्थिक दबाव में है, लेकिन सरकार लोगों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही है। कांग्रेस नेता ने यह भी चेतावनी दी।

## फांसी से मौत, जिस्म पर चोट, अब सास बोलीं- ट्विशा शर्मा नशे की आदी थी

**भोपाल**

**भोपाल** में मृत पाई गई 33 वर्षीय ट्विशा शर्मा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पुष्टि की है कि उनकी मृत्यु का कारण "मृत्यु से पहले फांसी लगाना" था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनके शरीर के विभिन्न हिस्सों पर कुंद बल से लगी कई साधारण चोटों का भी उल्लेख किया गया है। एम्स भोपाल के फोरेंसिक मेडिसिन और टॉक्सिकोलॉजी विभाग द्वारा किए गए पोस्टमार्टम में बताया गया कि ट्विशा 12 मई की रात करीब 10:26 बजे अपने घर की छत पर जिम्नास्टिक रिंग की रस्सी से लटकी हुई मिली थी। 13 मई की आधी रात के कुछ समय बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया।



रिपोर्ट के अनुसार, गर्दन के ऊपरी एक तिहाई हिस्से के चारों ओर तिरछी दिशा में बना हुआ लाल रंग का दोहरा लिगेचर का निशान मिला। निशान के नीचे की त्वचा सूखी, सख्त और "छिलके जैसी" बताई गई, जबकि गर्दन के पिछले हिस्से में लिगेचर का निशान अधूरा था। पोर्ट में दम घुटने से जुड़े कई लक्षण भी दर्ज किए गए, जिनमें चेहरे पर सूजन, कानों और नाखूनों का नीला पड़ना और दाहिनी आंख में पेटेकियल हेमरेज शामिल हैं। गेचर से संबंधित निष्कर्षों के अलावा, पोस्टमार्टम में शरीर के विभिन्न हिस्सों पर मृत्यु से पहले की कई चोटें भी दर्ज की गईं। इनमें गर्दन के बाईं ओर खरोंचें, बाईं ऊपरी बांह, बाईं कलाई, दाहिनी कलाई और दाहिनी अनामिका उंगली पर चोट के निशान, साथ ही खोपड़ी के नीचे बाईं ओर के अग्रभाग क्षेत्र में 2 सेमी ७ 2 सेमी का एक छोटा सा घाव शामिल था। तरिक जांच के दौरान, डॉक्टरों को लिगेचर के निशान के नीचे ऊतकों में दो छोटे-छोटे चोट के निशान मिले। फेफड़ों में "टार्डियू के धब्बे" दिखाई दिए, जो आमतौर पर दम घुटने से जुड़े लक्षण होते हैं। मस्तिष्क, फेफड़ों और पेट की परत में भी रक्त जमाव पाया गया। पोर्ट में आगे कहा गया है कि गर्भाशय बढ़ा हुआ था और उसमें लाल-भूरे रंग का भंगुर ऊतक था, जो बचे हुए गर्भाशय के ऊतकों का संकेत देता है। इसमें यह भी बताया गया है कि ट्विशा की मृत्यु से लगभग एक सप्ताह पहले उसका चिकित्सकीय गर्भपात (एमटीपी) किया गया था। कित्सा बोर्ड ने निष्कर्ष निकाला कि मृत्यु का कारण फांसी था, जबकि अन्य चोटें साधारण थीं जो किसी कुंद बल के कारण लगी थीं। पोर्ट में यह भी कहा गया है कि रक्त, आंतरिक अंगों, नाखून के टुकड़ों और बालों के नमूनों को संरक्षित करके विष विज्ञान और डीएनए परीक्षण के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) भेजा गया है ताकि नशा होने की संभावना को खारिज किया जा सके ।

## भोपाल की सड़कों पर उतरे पूर्व सैनिक

**भोपाल**

**सेना** के पूर्व मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त) के नेतृत्व में वर्दी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने बुधवार को भोपाल में बाइक रैली का आयोजन किया। यह रैली ट्विशा शर्मा की कथित दहेज हत्या मामले में पीड़िता के परिवार के प्रति एकजुटता व्यक्त करने और न्याय की मांग करने के लिए आयोजित की गई थी। सेवानिवृत्त मेजर जनरल श्रीवास्तव ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य मामले के बारे में जागरूकता बढ़ाना और अन्याय का सामना कर रहे लोगों का समर्थन करना था। मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त) ने कहा कि हमारी रैली का कारण स्पष्ट है।

## केजरीवाल को चुनाव लड़ने से अयोग्य करने की जनहित याचिका

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाई कोर्ट मे अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक को चुनाव लड़ने से डिस्क्वालिफाई करने और आप पार्टी का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की मांग को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट में दाखिल जनहित याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई हुई. दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस देवेन्द्र उपाध्याय की बेंच ने सुनवाई की. कोर्ट ने इस जनहित याचिका को खारिज कर दिया. कोर्ट ने कहा याचिका में लगाए गए आरोप में कोई कानूनी दम नहीं है. लिहाजा इस याचिका पर कोई आदेश जारी करने का कोई औचित्य नहीं बनता है.



दिल्ली हाई कोर्ट ने पूछा ये सवाल

याचिकाकर्ता की ओर से वकील ने कहा कि केजरीवाल समेत अन्य लोगों ने अदालत की कार्यवाही को बदनाम करने और उसे विवादित बनाने की कोशिश कर रहे हैं. इस पर कोर्ट ने कहा कि आप चाहते हैं कि हम चुनाव आयोग को किसी राजनीतिक पार्टी का रजिस्ट्रेशन रद्द करने का आदेश दें? लेकिन क्या कानून में राजनीतिक पार्टी को डि-रजिस्टर करने का कोई प्रावधान है. अगर है तो उसका पूरा कानूनी ढांचा क्या है?

इस पर वकील ने जवाब दिया कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम में राजनीतिक दल को डि-रजिस्टर करने का सीधा प्रावधान नहीं है. कानून इस मामले में साफ है. हालांकि सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले में तीन असाधारण परिस्थितियों का जिक्र किया गया है जिनमें राजनीतिक दल का पंजीकरण रद्द किया जा सकता है. वकील ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा बताए गए तीन अपवादों का हवाला देते हुए अदालत को उन स्थितियों की जानकारी दी.

'पहली दो स्थितियों में यह मामला फिट नहीं बैठता'

इस पर कोर्ट ने कहा कि पहली दो स्थितियों में यह मामला फिट नहीं बैठता. तीसरी स्थिति यह है कि किसी राजनीतिक दल का पंजीकरण तभी रद्द किया जा सकता है, जब उसे वअढअ या इसी तरह के किसी कानून के तहत गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया हो.

वकील ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 29A(5) कहती है कि जब कोई पार्टी रजिस्टर होती है।

## केरल में सतीशन 'सुपर बॉस', अपने पास रखे 35 विभाग, चेन्निथला बने होम मिनिस्टर

**केरल**

**केरल** सरकार ने नए मंत्रिमंडल में विभागों के आवंटन की घोषणा की. केरल लोक भवन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, मुख्यमंत्री वीडी सतीशान ने वित्त, कानून, सामान्य प्रशासन और पोर्ट सहित 35 विभागों का प्रभार अपने पास रखा है. मुख्य फैसले लेने और नीतियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण विभाग खुद मुख्यमंत्री संभालेंगे, जिसका मतलब ये है कि सरकार चलाने की ज्यादातर मुख्य शक्तियां मुख्यमंत्री कार्यालय के पास ही रहेंगी.



चेन्निथला बने केरल के होम मिनिस्टर

कांग्रेस के सीनियर नेता रमेश चेन्निथला को गृह मंत्रालय और विजिलेंस विभाग सौंपा गया है. विजिलेंस भ्रष्टाचार पर नजर रखने वाला विभाग होता है. इसके अलावा वे तीन और विभागों का कामकाज भी संभालेंगे।

## 'भारत हो रहा नक्सल मुक्त'

**महाराष्ट्र**



**महाराष्ट्र** के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नक्सलवाद उन्मूलन के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि देश को नक्सल मुक्त बनाने का केंद्र का मिशन महाराष्ट्र के गढ़चिरोली क्षेत्र सहित कई क्षेत्रों में सफल हो रहा है। अमित शाह के नक्सलवाद संबंधी बयान पर बोलते हुए शिंदे ने मंगलवार को कहा कि महाराष्ट्र में नक्सलवाद का खतरा काफी हद तक कम हो गया है और लोगों को रोजगार और आजीविका के अधिक अवसर मिल रहे हैं।

शिंदे ने पत्रकारों से कहा कि गृह मंत्री ने देश को नक्सल मुक्त बनाने का बीड़ा उठाया है और वे इसमें सफल हो रहे हैं। महाराष्ट्र में भी गढ़चिरोली जैसे क्षेत्रों में नक्सलियों की संख्या में कमी आई है। नक्सलवाद कम हो रहा है, लोगों को रोजगार और आजीविका मिल रही है, नक्सलवाद का उन्मूलन हो रहा है। शिंदे ने अमित शाह को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि नक्सल मुक्त गढ़चिरोली।

## दिल्ली-एनसीआर को मिलेगा हाईस्पीड कनेक्टिविटी कॉरिडोर

### सीएम रेखा गुप्ता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया निरीक्षण

**नई दिल्ली**

**दिल्ली**-एनसीआर में ट्रैफिक जाम की समस्या कम करने और अलग-अलग शहरों के बीच सफर आसान बनाने के लिए निमार्णाधीन डीएनडी-फरीदाबाद-सोहना एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है. बुधवार को इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निरीक्षण केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया. उनके साथ कई केंद्रीय राज्य मंत्री, सांसद और हरियाणा-दिल्ली सरकार के मंत्री भी मौजूद रहे.

करीब 59 किलोमीटर लंबे इस हाईवे का निर्माण लगभग 4463 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है. यह हाईवे दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम और सोहना को तेज रफ्तार कनेक्टिविटी देगा. परियोजना के पूरा होने के बाद दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक पहुंच काफी आसान हो जाएगी.



भारतमाला परियोजना के तहत बन रहा हाईवे

यह हाईवे भारतमाला परियोजना के तहत विकसित किया जा रहा है. इसे 6 लेन एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिससे वाहनों की आवाजाही तेज और सुरक्षित हो सके. इस प्रोजेक्ट में आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे इसे भविष्य की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया जा सके.

सरकार का कहना है कि इस हाईवे के चालू होने से दिल्ली-एनसीआर में ट्रैफिक का दबाव कम होगा और लोगों का सफर समय भी काफी घट जाएगा।

खास तौर पर दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम से जेवर एयरपोर्ट जाने वालों को बड़ी राहत मिलेगी।

## मेलोडी के 'ब्रैंड एंबेसडर' बन गए मोदी-मेलोनी! टॉफी की आड़ में रॉकेट बना इस कंपनी का शेयर

**इटली**

**भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली की यात्रा पर हैं. इस दौरान उन्होंने इटली की पीएम जियोर्जिया मेलोनी से मुलाकात की. अब मजे की बात ये है कि पीएम मोदी ने मेलोनी को मेलोडी चॉकलेड गिफ्ट कर दी है. और अब इस 'मीठे तोहफे' ने मेलोडी की कंपनी और उस कंपनी के निवेशकों की चांदी कर दी. यहां हम आपको इस कंपनी के बढ़ते शेयर और साथ ही कंपनी के इतिहास की पूरी जानकारी दे रहे हैं.



पार्ले कंपनी के शेयर

असल में मेलोडी चॉकलेड पार्ले प्रोडक्ट्स नाम की कंपनी बनाती है लेकिन पार्ले के नाम पर ही इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर तेजी से बढ़ रहे हैं. इस एक रुपये की टॉफी ने कुछ ऐसा कमाल दिखाया है कि पार्ले कंपनी के शेयर ने सीधा 5 फीसदी बढ़ गए हैं. लेकिन सच्चाई तो ये है कि असल में टॉफी की कंपनी और जिस कंपनी का शेयर बढ़ रहा है, वो दोनों अलग- अलग हैं.

97 साल पुरानी कंपनी

पार्ले प्रोडक्ट्स कोई नई कंपनी नहीं बल्कि 97 साल पुरानी कंपनी है. इस कंपनी की शुरूआत मोहनलाल दयाल ने हाउस ऑफ पार्ले के नाम से हुई थी।

## कामकाजी लोगों के लिए 40 नहीं, 20 दिन का होगा हज

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने शनिवार को भारतीय हज यात्रियों के लिए पहली बार इस साल एक शॉर्ट हज पैकेज शुरू करने की घोषणा की थी. इस नई व्यवस्था के तहत कामकाजी लोग करीब 20 दिनों में हज पूरा कर सकेंगे, जबकि पहले हज यात्रा में लगभग 40 से 45 दिन लग जाते थे. सरकार का कहना था कि यह सुविधा खास तौर पर उन लोगों के लिए लाई गई है जो नौकरी, बिजनेस या दूसरे कामों की वजह से लंबे समय तक घर और काम से दूर नहीं रह सकते थे. इस विशेष योजना के तहत लगभग 10,000 तीर्थयात्री सऊदी अरब में लगभग 20 दिनों की कम अवधि के साथ हज करेंगे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा में चिकित्सकों की अनुपस्थिति के चलते भटक रहे मरीज
















**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा से डॉक्टरों का एक साथ अनुपस्थित होना घोर लापरवाही साबित हो रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से तीन महिला चिकित्सक सहित एक चिकित्साधिकारी के एक साथ अनुपस्थित होने से मरीज दर-दर भटकने को मजबूर रहे। मरीजों की शिकायत पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने नोटिस जारी कर दो कार्य दिवस में जवाब देने को कहा है।

बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा में 12 बजे दिन तक एक साथ चार चार चिकित्सक अनुपस्थित रहे। भीषण गर्मी व हीट वेव का प्रकोप इन दिनों पूरे क्षेत्र को कब्जे में ले रखा है। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोग बीमार होकर स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए पहुंचे तो डॉक्टरों की कुर्सी खाली रही। तीन महिला डॉक्टर के अनुपस्थित होने से एक ओर जहां महिलाएं,गर्भवती महिलाएं, गर्भवती महिलाएं दूर दूर गांवों से अस्पताल पहुंचीं तो डॉक्टर अपने चेम्बर में नदारत रहे। महिलाओं ने बताया कि उन्हें इस भीषण गर्मी में कितनी परेशानी उठानी पड़ रही है । जिसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।वहीं मरीजों ने काफी इंतजार के बाद प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ०सुरेश प्रसाद से इसकी शिकायत की तो चिकित्साधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी कर सभी अनुपस्थित डॉक्टरों से स्पष्टीकरण देने को कहा है ।जिसमें चिकित्साधिकारी डॉ० प्रतिमा मिश्रा, चिकित्साधिकारी डॉ०डीके कुशवाहा, चिकित्सा अधिकारी डॉ० आकांक्षा सिंह, चिकित्साधिकारी डॉ० यास्मीन अनुपस्थित रहीं। प्रभारी अधीक्षक ने सभी चिकित्साधिकारियों से दो कार्य दिवस में अपना स्पष्टीकरण देने को कहा है। साथ ही चेतावनी दी है कि स्पष्टीकरण न मिलने की स्थिति पर मानदेय अवरुद्ध कर दिया जाएगा।

## फुलकी खाते समय दर्दनाक हादसा मैजिक की टक्कर से युवक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के कांदी गांव में मंगलवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक गांव में चाट की दुकान पर खड़े होकर फुलकी खा रहा था, तभी तेज रफ्तार मैजिक गाड़ी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांदी गांव निवासी श्याम बाबू भारतीया (18) पुत्र स्वर्गीय पिंटू भारतीया मंगलवार रात करीब 9 बजे कांदी-गुलालपुर-हेतापट्टी मार्ग स्थित एक चाट की दुकान पर फुल्की खाने के लिए खड़ा था। इसी दौरान गुलालपुर की ओर जा रही दूध की मैजिक गाड़ी अनियंत्रित होकर उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि श्याम बाबू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए मैजिक गाड़ी और चालक को पकड़ लिया तथा सूचना मिलने पर पहुंची थरवई पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वाहन और चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि मृतक युवक अविवाहित था और घर पर रहकर परिवार का सहयोग करता था। वह दो भाइयों और दो बहनों में दूसरे नंबर पर था। बेटे की असमय मौत से माता-पिता समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी घटना के बाद शोक की लहर व्याप्त है।

## दो अलग-अलग गांवों में मार पीट, महिला ने ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज कराया

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बकराबाद निवासनीय निशा देवी का आरोप है कि वह बीमारी के कारण घर का काम नहीं कर पा रही है। आरोप है कि ससुरालियों ने उसे डंडों से मार पीट कर जख्मी कर दिया गया तथा गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए घर से भगा दिया गया।निशा देवी ने मऊआइमा थाना में पति शिव प्रकाश, ससुर मौजी लाल,जेठ ओमप्रकाश,देवर विवेक कुमार,सास अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है जबकि ग्राम बुआपुर निवासी राम कुमार का आरोप है कि जमीनी विवाद में उसे मारा पीटा गया।जख्मी राम कुमार ने अजय कुमार पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराई है।

## ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में शंकरगढ़ बंद, महापंचायत में व्यापारियों ने भरी हुंकार




**शंकरगढ़।** ऑनलाइन दवा बिक्री और मेडिकल व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को शंकरगढ़ बाजार पूरी तरह बंद रहा। शंकरगढ़ मेडिकल एसोसिएशन प्रयागराज के आह्वान पर मेडिकल व्यापारियों ने भारत बंद के समर्थन में अपनी दुकानें बंद रखीं और केसरवानी धर्मशाला में महापंचायत आयोजित कर अपनी आवाज बुलंद की। महापंचायत में वक्ताओं ने कहा कि यह केवल बंद नहीं बल्कि मेडिकल व्यापारियों के अधिकार, सम्मान और अस्तित्व की लड़ाई है। तेजी से बढ़ रही ऑनलाइन दवा बिक्री से स्थानीय मेडिकल व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, जिससे छोटे व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

बैठक में विजय बाबू गुप्ता ने कहा कि मेडिकल व्यवसाय केवल व्यापार नहीं बल्कि जनसेवा से जुड़ा कार्य है। स्थानीय मेडिकल दुकानदार दिन-रात लोगों को दवा और जरूरी सलाह उपलब्ध कराते हैं, लेकिन ऑनलाइन बिक्री के कारण छोटे व्यापारियों का भविष्य खतरे में पड़ता जा रहा है। उन्होंने सरकार से दवा व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

वहीं छाया मेडिकल स्टोर के अजय कुमार ने कहा कि यदि समय रहते ऑनलाइन दवा बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले समय में छोटे मेडिकल व्यवसायियों का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार को स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनना चाहिए और दवा बिक्री के लिए सख्त नियम लागू करने चाहिए।

एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि आंदोलन का किसी राजनीतिक दल या विचारधारा से कोई संबंध नहीं है। यह पूरी तरह मेडिकल व्यापारियों और उनके भविष्य को बचाने की लड़ाई है।बैठक में संतोष केसरवानी, विजय गुप्ता, रोहित केसरवानी, अजय कुमार, वेद केसरवानी, आशीष केसरवानी, रितेश केसरवानी, मनीष केसरवानी, निखिल केसरवानी, नीरज केसरवानी, रेवती केसरवानी, रचित केसरवानी,शिवा केसरवानी,पटेल जी सहित बड़ी संख्या में मेडिकल व्यवसायी मौजूद रहे।

## मांडा के बघौरा खवासान में चकडैम टूटा, महिला का पैर फ्रैक्चर

### सिंचाई-आवागमन बाधित, ग्रामीण जल्द निर्माण की कर रहे मांग





**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा स्थित बघौरा खवासान ग्राम पंचायत में एक चकडैम पुलिया टूटने से किसानों को सिंचाई और आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगभग आठ साल पहले बनी यह पुलिया कई दिनों से क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण बरसात का पानी सीधे बड़ी नदियों में बह जाता है।

यह चकडैम छोटी नदियों में बरसात का पानी इकट्ठा करने के उद्देश्य से बनाया गया था, ताकि नहरों से वंचित खेतों की सिंचाई हो सके। पुलिया टूटने के कारण अब किसानों को खरीफ की फसल के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी के अभाव में खेत सूखे पड़े हैं और किसान सिंचाई के लिए परेशान हैं।

सिंचाई के साथ-साथ, यह पुलिया ग्रामीणों के खेतों तक आने-जाने का मुख्य मार्ग भी थी। इसके टूटने के बाद से किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में भारी कठिनाई हो रही है, खासकर बरसात के मौसम में। ग्रामीण बांस-बल्ली के सहारे जोखिम भरा आवागमन करने को मजबूर हैं।

हाल ही में, बघौरा खवासान गांव निवासी 35 वर्षीय सीमा देवी, जो राम उजागीर मौर्या की पत्नी हैं, खेत पर जाते समय इसी टूटी हुई चकडैम पुलिया पर बांस-बल्ली से बनी अस्थाई चाल्हि से फिसल गईं। इस दुर्घटना में उनका पैर टूट गया और शरीर में गंभीर चोटें आईं।

इस घटना के बाद नहर चकडैम के पास बसे लोगों में भारी आक्रोश है। बघौरा खवासान के जंगली, मखोली मौर्य, अजित मौर्या, अंकुश मौर्या, शिवशंकर बिंद और संदीप बिंद सहित कई किसानों ने उच्चाधिकारियों से चकडैम पुलिया के अतिशीघ्र निर्माण की मांग की है। ग्राम प्रधान प्रदीप कन्नौजिया ने भी बताया कि यदि चकडैम का निर्माण जल्द नहीं कराया गया तो किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका है।

## विकास खंड करछना में भ्रष्टाचार की भेट चढ़ा मनरेगा योजना

**करछना।** विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत खजुरी का मामला प्रकाश में आया ग्राम सभा खजुरी में रोजगार सेवक और ब्लॉक में कंप्यूटर ऑपरेटर हेड सगे भाई होने के साथ ही एक ही परिवार एक ही ब्लॉक एक ही ग्राम के होने के कारण ग्राम में मनरेगा में व्याप्त अति भ्रष्टाचार ग्राम खजुरी मे उमा यादव पत्नी अनिल कुमार के पशु शेड के नाम पर निकाला गया फर्जी तरीके से पैसा जो कि बना ही नहीं साथ ही उसमे दो मजदूर को दिखाकर मजदूरी भी निकाली गई, साथ ही अखिलेश कुमार का फर्जी जॉब कार्ड बनाकर गलत कार्य मे दिखाकर 2613 रुपया निकाल लिया जाता है. 15 वर्ष पूर्व मृतक व्यक्ति को मनरेगा मे 16 दिन कार्य का ऑफर दिया जाता है कि जीवित होकर कार्य करो. गलत और फर्जी तरीके से बिना पूछे पाठक कुमार का दो फर्जी जॉब कार्ड बना दिया जाता है 328 ए और 356 ऐसे कई मामले कई वर्षो से इस ग्राम पंचायत मे चलता चला आ रहा है कई बार शिकायत किया गया परन्तु हर बार मामला ऊपर स्तर से दबा दिया जाता है. इस प्रकार के प्रकरण मे लिप्त दोषियों पर कठोर से कठोर कार्यवाही होने की मांग है।

## हीट वेव से रहें सावधान : डॉ अशोक मिश्र



**कोरांव।** जीवन रेखा नर्सिंग होम कोरांव के डायरेक्टर एवं वत्स फाउंडेशन के संचालक डॉ अशोक मिश्र ने बताया कि सावधानी ही सुरक्षा है । उन्होंने बताया आजकल सूर्य देव के प्रचंड तांडव से जीवी धरती के सभी जीव जंतु एवं प्राणी आसमान रूप से बड़े हुए तापमान से परेशान है

आसमान रूप से उच्च तापमान एवं गर्म हवाओं का एक दौर प्रायः गर्मियों में कई दिनों के लिए आता है जिसे हम हीट वेव कहते हैं जिसके कारण शरीर में गंभीर रूप से डिहाईड्रेशन यानी (निर्जलीकरण) हीट स्ट्रोक जैसी जानलेवा बीमारी होने की संभावना रहती है इसमें आपको अत्यधिक सावधान रहना चाहिए हीट वेव के जो सामान्य लक्षण है उसमें आपको अत्यधिक पसीना हो सकता है पसीना नहीं भी हो सकता है चक्कर आना सर दर्द उल्टी होना दस्त होना त्वचा में लाल लाल चकत्ते पड़ जाना एवं कभी-कभी तेज बुखार आ जाता है यदि इसमें से जो भी लक्षण आपको अपने पर मिलते हुए नजर आए तो कृपया सतार्क हो जाएं और इसे इस तरह से बचाव करें पर्याप्त मात्रा में जल ग्रहण करें नींबू पानी पिए सत्तू का सेवन नारियल का पानी का सेवन मौसमी फल जैसे अंगूर संतरा तरबूज खरबूज ककड़ी खीरा का सेवन ज्यादा से ज्यादा करें प्राय आजकल के दिनों में 11:00 से 4:00 तक घर से बाहर न निकले कोई अति आवश्यक काम हो तो शरीर को कपड़े से ढक कर निकले हल्के कपड़े पहने हल्का भोजन करें मसालेदार चीजों का सेवन कम से कम करें ज्यादा से ज्यादा पानी पिए इसके बाद अगर कोई अत्यायिक स्थिति आती है तो तुरंत अपने नजदीकी अस्पताल से संपर्क करें अपना बचाव कर राष्ट्रहित में सहयोग करें। वत्स फाऊंडेशन द्वारा जनहित में जारी।

## न्यूज झरोखा

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भाजपा नेता रमेश पांडेय ने किया शिष्टाचार भेंट




**जंघई।** प्रतापपुर विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता समाजसेवी एवं किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री रमेश कुमार पांडेय ने विधानसभा की समस्याओं को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट किया और विधानसभा की मुख्य समस्याओं पर चर्चा किया। केंद्रीय मंत्री ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। रमेश पांडेय ने बताया कि केंद्रीय मंत्री से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए क्षेत्र के जनहित एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए स्थानीय नागरिकों, किसानों एवं व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया।

### प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चों को दिलाई सफलता, शिक्षक भारतेन्द्र त्रिपाठी राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित



**सहसों।** परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित एवं मार्गदर्शन देने वाले उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित करने हेतु मिशन शिक्षण संवाद की ओर से वाराणसी में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस समारोह में विकासखंड सहसों के ग्राम सभा देवनहरी निवासी शिक्षक भारतेन्द्र त्रिपाठी को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वाराणसी की जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, एडी बेसिक वाराणसी मंडल हेमंत राव तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने भारतेन्द्र त्रिपाठी को पट्टा, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में मिशन शिक्षण संवाद के संस्थापक विमल कुमार ने उपस्थित शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिक्षक ही शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रहे हैं। बताया जाता है कि भारतेन्द्र त्रिपाठी वर्तमान में कंपोजिट विद्यालय सुजौना, जसरा प्रयागराज में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। उनके मार्गदर्शन एवं मेहनत से विद्यालय के अनेक छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं, जिससे विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन हो रहा है। उनके सम्मानित होने की खबर मिलते ही देवनहरी सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों, शुभचिंतकों एवं शिक्षा प्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

### भागवत कथा श्रवण से मनुष्य को वैभव और पितरों को मोक्ष की प्राप्ति-श्रीशचंद्र महाराज



**जंघई।** चनेथू, शुक्लान गांव में मुख्य यजमान पंडित भानु प्रकाश मिश्र एवं राम सखी देवी के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह, गया जी का भात के अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा में तीसरे दिन कथा को आगे बढ़ाते हुए कथा वाचक कुलगुरु श्रीशचंद्र पांडेय महाराज ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को वैभव और पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। जो सच्चे मन से भगवान को याद करता है, भगवान स्वयं प्रकट हो कर उनकी रक्षा करते हैं जैसे भगवान ने प्रहलाद को नरसिंह रूप में प्रकट होकर भयमुक्त किया था। महाराज ने ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, कपिल चरित्र, भगवान बाराह व नरसिंह अवतार का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण भागवत में ही वास करते हैं। जो व्यक्ति भागवत कथा का श्रवण करते हैं उनके पाप, ताप, संताप सब मिट जाते हैं। कहा कि मनुष्य का जीवन बड़े भाग्य से मिलता है इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए भगवत भजन में ध्यान लगाना चाहिए इसी में मनुष्य का उद्धार है। इस अवसर पर परिजनों में घनश्याम मिश्र, श्रीश्याम मिश्र, महावीर मिश्र, संगम लाल मिश्र, प्रदीप मिश्र, शशिकांत मिश्र, लक्ष्मीरतन, गंगाधर, शुभम, कृष्णा, सागर, अंश, हरिओम सहित सैकड़ों लोगों ने कथा श्रवण करते हुए आरती प्रसाद ग्रहण किया।

### ट्रक की टक्कर से पिता की मौत, पुत्र गम्भीर रूप से घायल



**बारा प्रयागराज।** बांदा हाईवे पर मंगलवार रात एक ट्रक (कैप्सूल बल्कल)ने बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। टक्कर से पिता की मौके पर मौत हो गई जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया है।उसका इलाज वाराणसी में चल रहा है। मृतक युवक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से गांव में कोहराम मच गया है। घूरपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पचखरा निवासी राजकुमार द्विवेदी उर्फ मोनू द्विवेदी (26)निवासी पुत्र राम लोचन द्विवेदी अपने आठ वर्षीय बेटे शिव शंकर द्विवेदी के साथ मंगलवार बांदा हाईवे पर एक ढाबे पर खाना खाने गए थे। दोनों खाना खाने के बाद सड़क पर आए और बाइक से जाने के लिए तैयार हुए।उसी समय एक ट्रक कैप्सूल बल्कल आ गया और दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। घायल बेटे को तुरंत प्रयागराज इलाज के लिए ले गए।हालत गंभीर देखते हुए परिजन वाराणसी ले कर चले गए। वहां उसका इलाज चल रहा है। परिवार ही नहीं पूरा गांव शोक में डूब गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया है।

## उच्च शिक्षा एवं नौकरी हेतु नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रवेश लें : प्रो0 रवि मिश्र



**जंघई।** नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई के प्रोफेसर रवि कुमार मिश्र विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र के नेतृत्व में डॉ. ओमप्रकाश मिश्र सहायक विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, डॉ. गंगेश दीक्षित विभागाध्यक्ष हिंदी, डॉ. आयुषी मौर्य सहायक विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान ने बुधवार को आरडी मेमोरियल इंटर कालेज जंघई, एसके माडर्न कालेज सेमरी में बीए, बीएससी प्रथम वर्ष सेमेस्टर प्रवेश प्रक्रिया हेतु जनसंपर्क अभियान चलाया। और छात्र, छात्राओं और अभिभावकों को उच्च शिक्षा के महत्व तथा महाविद्यालय की सुविधाओं की जानकारी दी। रवि मिश्र ने कहा कि महाविद्यालय में मूलभूत सुविधाएं हैं इससे दूरस्थ गांवों के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा और महाविद्यालय में कैंपस सेलेक्शन भी हो रहा है। कहा कि अधिक छात्रों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। शिक्षकों की टीम अभिभावकों से संवाद कर छात्रों को प्रवेश के लिए प्रेरित कर रही है। यह अभियान शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बेहतर अवसर देने के उद्देश्य से है। महाविद्यालय छात्रों के लिए अनुकूल शैक्षणिक वातावरण और सह शैक्षणिक गतिविधियों पर भी ध्यान देता है। आरडी मेमोरियल इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राकेश दुबे ने प्रवेश हेतु सहयोग का आश्वासन दिया।

## अवैध खनिज परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 9 हाइवा और ट्रैक्टर सीज

**शंकरगढ़।** अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना वैध कागजात गिट्टी व अन्य खनिज संपदा लादकर दौड़ रहे 9 हाइवा ट्रक और 1 ट्रैक्टर को पकड़कर सीज कर दिया। इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार बारा पॉवर प्लांट के पास उपजिलाधिकारी बारा डॉ. गणेश कन्नौजिया के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। जांच के दौरान कई वाहन बिना वैध रवन्ना और आवश्यक दस्तावेजों के खनिज संपदा का परिवहन करते पाए गए। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी वाहनों को कब्जे में लेकर संबंधित थाने के सुपुर्द कर दिया।

बताया जा रहा है कि भरतकूप क्षेत्र से गिट्टी का अवैध परिवहन किया जा रहा था। प्रशासन द्वारा पकड़े गए वाहनों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।एसडीएम डॉ. गणेश कन्नौजिया ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध खनन और बिना कागजात खनिज परिवहन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में पकड़े जाने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय खनन कारोबारियों और माफियाओं में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

## क्षेत्र के छात्र- छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए किया प्रेरित

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया के आदेश एवं निदेशालय उच्च शिक्षा प्रयागराज के अनुपालन में प्राचार्य डॉ0 नीरज के नेतृत्व मे नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई द्वारा प्रवेश हेतु बुधवार को भी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में अभियान चलाया गया। प्रो0 रवि कुमार मिश्र, डॉ.ओम प्रकाश मिश्र, डॉ.गंगेश दीक्षित, डॉ. प्रमोद कुमार पांडेय, डॉ.आनंद कुमार श्रीवास्तव और डॉ.आयुषी मौर्य एवं तृतीय श्रेणी कर्मचारियों में कृष्णराज शुक्ल, वीरेंद्र कुमार यादव ने छात्र संख्या वृद्धि एवं उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विशेष संपर्क अभियान चलाया। क्षेत्र के विद्यालयों में ठाकुर शिव प्रताप सिंह स्मारक इंटरमीडिएट कालेज महरछा, केडी कान्वेंट स्कूल महरछा, एस.के माडर्न इंटर कालेज सेमरी, आरडी मेमोरियल स्कूल जंघई, पंचायत इंटरमीडिएट कालेज भटहर, सर्वोदय इंटरमीडिएट कालेज मीरगंज और कटहरा क्षेत्र में स्थित इंटरमीडिएट कालेज में तथा डॉ.पवन कुमार दुबे द्वारा मतेथू, सुरियावां क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों मे जाकर संपर्क किया गया। प्रधानाचार्यों, शिक्षकों से संवाद स्थापित कर विद्यार्थियों को नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंघई में संचालित स्नातक कला/विज्ञान वर्ग एवं परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित करने के लिए आग्रह किया। प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा महाविद्यालय में संचालित स्किल डेवलपमेंट, प्लेसमेंट, कैरियर मार्गदर्शन, छात्रवृत्ति, खेलकूद प्रशिक्षण एवं रोजगारपरक शिक्षा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। एससी/एसटी वर्ग के विद्यार्थियों का निशुल्क प्रवेश, सुरक्षित परिवेश और उपचारात्मक कक्षाओं के साथ साथ आनलाइन/आफलाइन शिक्षण की व्यवस्था के संदर्भ मे भी बताया। प्राचार्य ने बताया कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास भी अत्यंत आवश्यक है, जिससे छात्र-छात्राएं आत्मनिर्भर बन सकें और उनका सर्वांगीण विकास हो सके। शोध छात्रों द्वारा महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया गया।

# एसआरएन अस्पताल में डॉक्टरों और अधिवक्ताओं में जमकर मारपीट, बवाल के बाद ओपीडी इमरजेंसी सेवा ठप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल में बुधवार सुबह महिला अधिवक्ताओं और जूनियर डॉक्टरों के बीच जमकर हंगामा हुआ। अधिवक्ताओं का आरोप है कि इलाज में लापरवाही बरतने का विरोध करने पर जूनियर डॉक्टरों ने कमरे में बंद कर पीटा। गाड़ी की चाभी, चेन और अन्य सामान छीन लिया, सर्जिकल ब्लेड से हमला कर हाथ की नस काटने का प्रयास कर कपड़े फाड़े।

घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच तनातनी हुई, जिसमें कई अधिवक्ता घायल हो गए। डॉक्टरों की गिरफ्तारी की मांग कर अधिवक्ता धरने पर बैठ गए। करीब 11 घंटे बाद पुलिस ने अज्ञात डॉक्टरों के हत्या का प्रयास समेत अन्य धारा में एफआईआर दर्ज की है। महिला अधिवक्ता व उनके साथी अधिवक्ता ने कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि महिला अधिवक्ता बुधवार को अन्य महिला अधिवक्ताओं के साथ हाईकोर्ट ग्राउंड में क्रिकेट अभ्यास कर रही थीं। सुबह करीब 5:30 एक साथी अधिवक्ता के सड़क हादसे में घायल होने की जानकारी मिली।

जिसके बाद सभी लोग उसे उपचार के लिए एसआरएन अस्पताल लेकर पहुंचे। आरोप है कि इमरजेंसी में मौजूद एक जूनियर डॉक्टर सो रहा था। इलाज के लिए जगाने पर वह भड़क गया और महिला अधिवक्ताओं से अभद्रता व गालीगलौज करने लगा। इसके कुछ ही देर में कई जूनियर डॉक्टर एकत्र हो गए और महिला अधिवक्ताओं सहित अन्य अधिवक्ताओं को कमरे में बंद कर बुरी तरह पीटा।

आरोप है कि इस दौरान स्कूटी और कार की चाभी, सोने की चेन और अन्य सामान छीन लिया। वहीं एक अन्य महिला अधिवक्ता पर सर्जिकल ब्लेड से हमला कर हाथ की नस काटने का प्रयास किया गया, जबकि एक अधिवक्ता के कान पर कैंची से वार किया गया, जिससे उनका कान गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

**गलत इंजेक्शन देकर जान से मारने का आरोप**

एफआईआर के मुताबिक, महिला अधिवक्ता के साथ ब्लेड से हमला



करने के साथ ही उनके कपड़े फाड़े गए और कमरे में बंद कर अभद्रता की गई। घायल अधिवक्ता को डिस्चार्ज करने से रोका गया। विरोध करने पर गलत इंजेक्शन देकर जान से मारने की धमकी दी गई। घटना फेसबुक लाइव में रिकॉर्ड हुई है और वीडियो उनके मोबाइल फोन में मौजूद है, घटना के बाद पुलिस सूचित किया गया। आरोप है कि एसआरएन चौकी प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मी की मिलीभगत से कार्रवाई नहीं हुई।

**डॉक्टरों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े अधिवक्ता**

घटना से गुस्साए अधिवक्ता एसआरएन में एकत्र होने लगे। दोनों पक्षों में तनातनी होने के बाद डॉक्टर हड़ताल पर बैठ गए। हालात बिगड़ते देख मौके पर डीसीपी नगर मनीष कुमार शांडिल्य, एसीपी रवि गुप्ता समेत कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत करने का प्रयास किया लेकिन हालत और बिगड़ गए। अधिवक्ताओं ने डॉक्टरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने व गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसआरएन और एकलव्य चौराहे पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिससे शहर में दिनभर आवागमन बाधित रहा।

**हत्या का प्रयास समेत आठ धाराओं में हुई एफआईआर**

घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने शाम करीब 4:39 बजे एसआरएन के कई अज्ञात जूनियर डॉक्टर पर आठ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। इनमें मारपीट, छिनैती/लूट, हत्या का प्रयास, खतरनाक हथियार से गंभीर चोट पहुंचाना, बंधक बनाना, महिला की लज्जा भंग करना, धमकी और जानबूझकर अपमान कर शांति भंग करना शामिल हैं।

**फुटेज से पहचान करने में जुटी पुलिस, बनाई गई तीन टीमें**

अज्ञात डॉक्टरों की पहचान करने के लिए पुलिस ने तीन सदस्यीय टीम बनाई है। यह टीमें दोनों पक्षों का बयान दर्ज करने के साथ ही अज्ञात डॉक्टरों की पहचान करने के लिए एसआरएन समेत अन्य जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने में जुट गई है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही डॉक्टरों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

एसआरएन के अज्ञात डॉक्टरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रह हैं, जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। - मनीष कुमार शांडिल्य, डीसीपी नगर

**सुबह से बंद है ट्रॉमा सेंटर**

घटना से आक्रोशित चिकित्सकों ने ट्रॉमा सेंटर और ओपीडी बंद कर दी है। इससे दूर दूर से इलाज कराने के लिए पहुंचे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ओपीडी पर्ची काउंटर बंद है। कोई भी चिकित्सक अपने कक्ष में नहीं है। प्रयागराज सहित प्रतापगढ़, कौशाम्बी, चित्रकूट, मिजार्पुर, रीवा से आए मरीज परेशान हैं। मरीजों ने कहा कि वह इतनी गर्मी और धूप झेलकर यहां पहुंचे हैं लेकिन हड़ताल के कारण उनको काफी दिक्कत हो रही है।

मेडिसिन ओपीडी समेत हृदय रोग विभाग, नाक कान गला रोग विभाग, सर्जरी और टीबी एंड चेस्ट विभाग में सीनियर डॉक्टर बैठे हैं। लेकिन पर्चा न बनने के कारण मरीज नहीं पहुंच पा रहे हैं। सूचना पाकर एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा समेत एसडीएम, एसीपी, सीडीपी सहित कई थानों की पुलिस पहुंच गई है। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर डॉक्टर वीके पांडेय ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर जांच कराई जा रही है। इसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### टेनिस प्रतिभाओं का जलवा, रामचंद्र सिंह मेमोरियल टूनार्मेंट का उत्साहपूर्ण समापन



**प्रयागराज।** डिस्ट्रिक्ट टेनिस एसोसिएशन (प्रयागराज) द्वारा आयोजित लेट राम चंद्र सिंह मेमोरियल डिस्ट्रिक्ट लॉन टेनिस टूनार्मेंट का समापन सोमवार को अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (मायो हॉल) में भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। स्वर्गीय राम चंद्र सिंह की स्मृति में आयोजित इस प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह में पटना हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह तथा इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति विपिन दीक्षित मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं उछश्ट अध्यक्ष सुशील खबंर्दा और आरएसओ प्रयागराज प्रेम कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का समापन किया और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। टूनार्मेंट में बालक व बालिका वर्ग के अंडर-12, अंडर-14 और अंडर-16 मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। हर मैच में खिलाड़ियों ने बेहतरीन तकनीक और खेल भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणाम- बालक व-12 सिंगल्सः रोनन चौधरी विजेता, ध्रुव यादव उपविजेता, बालक व-14 सिंगल्सः अच्युत जायसवाल विजेता, अध्यांत बाजपेई उपविजेता, बालक व-16 सिंगल्सः किंतलक श्रीवास्तव विजेता, आदित्य वैभव उपविजेता, बालिका व-12 सिंगल्सः वर्णिका मिश्रा विजेता, समृद्धि सोनी उपविजेता, बालिका व-14 सिंगल्सः अरुजा जैन विजेता, अनन्या सिंह उपविजेता, बालिका व-16 सिंगल्सः नीति दुबे विजेता, अनुष्का उपविजेता, बालक डबल्स व-16ः किंतलक व ऋशांत विजेता, हर्ष व वैभव उपविजेता, बालिका डबल्स व-16ः यशस्वी व सुहानी विजेता, अनुष्का व वशिष्ठा उपविजेता। आयोजक शिव शंकर सिंह ने कहा कि यह टूनार्मेंट उनके पिता स्वर्गीय राम चंद्र सिंह की स्मृति को समर्पित है और इसका उद्देश्य प्रयागराज के युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मंच देना है। मुख्य अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### एसआरएन अस्पताल के निरीक्षण में व्यवस्थाएं मिलीं संतोषजनक, खराब कूलर और फर्श दुरुस्त कराने के निर्देश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर बुधवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह तथा अपर नगर मजिस्ट्रेट चतुर्थ जूही प्रसाद ने स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय (एसआरएन) का औचक निरीक्षण किया। सुबह करीब 10:30 बजे शुरू हुए निरीक्षण में अस्पताल की व्यवस्थाओं, चिकित्सकों की उपस्थिति, साफ-सफाई और मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान एमएलएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीके पांडेय और एसआरएन की अधीक्षिका डॉ. नीलम सिंह भी मौजूद रहीं। अधिकारियों ने विभिन्न विभागों की उपस्थिति पंजिकाओं की जांच की। कई चिकित्सक ग्रीष्म अवकाश पर मिले, जिनके स्थान पर अन्य डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई थी। अधिकारियों ने सभी चिकित्सकों और कर्मचारियों को समय से ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए। इसके बाद मेडिसिन आईसीयू, हीटवेव वार्ड, पीएमएसएसवाई वार्ड और जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया गया। अस्पताल के वार्डों, ऑपरेशन थिएटर और ड्यूटी रूम में चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ और सफाई कर्मचारी मौजूद मिले। वार्डों और शौचालयों में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई। हालांकि कुछ स्थानों पर फर्श ऊबड़-खाबड़ मिलने पर उसे तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रशासन ने बताया कि मरीजों को आवश्यक दवाएं अस्पताल के भीतर ही उपलब्ध कराई जा रही हैं और बाहर से खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती। मरीजों और तीमारदारों ने भी इसकी पुष्टि की। जन औषधि केंद्र पर दवा वितरण सुचारु मिला, लेकिन अत्यधिक भीड़ को देखते हुए अधिकारियों ने दवा काउंटरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने आईसीयू, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, एमआरआई और दवा स्टोर का भी निरीक्षण किया। सभी चिकित्सा उपकरण चालू हालत में मिले। आथोर्पेडिक वार्ड में भर्ती मरीजों के परिजनों ने कूलरों की मोटर खराब होने की शिकायत की। जांच में पांच में से तीन कूलर खराब पाए गए, जिस पर अधिकारियों ने तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। मरीजों से खानपान, दवा और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। मरीजों ने बताया कि अस्पताल की ओर से भोजन और दवाओं की समुचित व्यवस्था की जा रही है। मेडिसिन वार्ड और वार्ड नंबर-8 में भर्ती गंभीर मरीजों का हालचाल भी लिया गया। अधिकारियों ने डॉक्टरों को गंभीर मरीजों की देखभाल में लगातार सतर्क रहने को कहा। वार्ड नंबर-8 में भर्ती आंध्र प्रदेश के मरीज वेंकटेश वर्ना के परिजनों ने बेहतर इलाज और भाषा संबंधी समस्या की जानकारी दी। इस पर अधिकारियों ने डॉक्टरों को मरीज को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# गंगा किनारे निर्माण से पहले लेनी होगी एनएमसीजी की अनुमति, जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति और जिला पर्यावरण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में वृक्षारोपण अभियान, गंगा संरक्षण और पर्यावरण सुधार से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को कई अहम निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने वर्ष 2026 के वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को जल्द से जल्द पौधरोपण स्थलों का चयन, गड्ढों की खुदाई और कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग वृक्षारोपण कार्य के लिए एक नोडल अधिकारी नामित कर उसकी सूचना उपलब्ध कराए। जिन विभागों को अधिक संख्या में पौधे लगाने हैं, वे अपनी मांग पहले से वन विभाग को भेज दें, ताकि समय रहते पौधों की



उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

डीएम ने पिछले वर्षों में लगाए गए पौधों की सिंचाई और देखरेख की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही जिन विभागों ने अब तक पिछले वर्ष के वृक्षारोपण का सत्यापन रिपोर्ट नहीं सौंपी है, उन्हें तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया।

जिला गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गंगा नदी, उसकी सहायक नदियों या बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का स्थायी अथवा अस्थायी निर्माण कार्य शुरू करने से पहले राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी, सेतु निगम, एनएचआई सहित अन्य विभाग निर्माण कार्य शुरू करने से पहले जिला गंगा समिति के माध्यम से प्रस्ताव भेजकर अनुमति प्राप्त करें।

उन्होंने नालों की टैपिंग का कार्य तेज करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में नालों का गंदा पानी सीधे गंगा नदी में नहीं गिरना चाहिए। इसके अलावा प्रभागीय वनाधिकारी को इको सेंसिटिव जोन के लिए उपयुक्त स्थलों का चयन कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया।

जिला पर्यावरण समिति की बैठक में वायु गुणवत्ता सुधार, हरित क्षेत्र विस्तार और प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम, पुलिस विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रतिबंधित चाइनीज और नायलॉन मांझा के खिलाफ चलाए गए अभियान की जानकारी भी दी गई।

डीएम ने निर्देश दिए कि प्रतिबंधित मांझा के निर्माण, भंडारण, बिक्री और उपयोग के खिलाफ नियमित अभियान चलाया जाए। साथ ही आम लोगों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किए जाएं।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद कुमार यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# एसआरएन विवाद की आंच सिविल लाइंस तक पहुंची, पथराव में वाहनों और सरकारी कार्यालय को नुकसान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल में डॉक्टरों और वकीलों के बीच हुए विवाद के बाद बुधवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में भी तनाव फैल गया। एकलव्य चौराहे के पास प्रदर्शन और हंगामे के दौरान कुछ अज्ञात लोगों और राजकीय मुद्रणालय कर्मचारियों के बीच झड़प हो गई। देखते ही देखते माहौल बिगड़ गया और पथराव शुरू हो गया।

पथराव में राजकीय मुद्रणालय के मुख्य गेट और कार्यालय के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। गेट के पास खड़े कई वाहनों के शीशे टूट गए, जबकि कुछ बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गईं। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में गर्वमेंट प्रेस के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों और कर्मचारियों के बीच कहासुनी और विवाद हो गया। हालात बिगड़ते देख सिविल लाइंस समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

पथराव के दौरान गर्वमेंट प्रेस गेट के सामने खड़ी एक वैगनआर कार के शीशे टूट गए। कार्यालय के शीशे वाले दरवाजे भी क्षतिग्रस्त हो गए। परिसर में रखे फूलों के गमले भी तोड़ दिए गए।

इसी बीच मौके पर मौजूद एसीपी सिविल लाइंस विद्युत गोयल अचानक गश खाकर गिर पड़े। उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और उपद्रव करने वालों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# लॉज मालिक के बेटे ने छात्राओं को बाल पकड़ कर पीटा

**प्रयागराज में कमरे में घुसा, छात्रा बोली- गंदी नीयत से फोन-मैसेज करता है**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** लॉज में दो छात्राओं को बाल पकड़कर पीटा गया। पीटने वाला लॉज मालिक का बेटा है। छात्राएं लॉज में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं। छात्राओं का आरोप है कि लॉज मालिक का बेटा गंदी नीयत से कॉल-मैसेज कर परेशान करता है।18 मई की आधीर उसने कमरे में घुसने की कोशिश की। मना करने पर उसे और पास में रहने वाली एक अन्य छात्रा को बेरहमी से पीटा। पुलिस ने त्र्क्षक्र दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, आरोपी



को कोर्ट से जमानत मिल गई।अमेठी की रहने वाली 27 साल की छात्रा ने बताया- मैं शिवकुटी के शंकरघाट में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती हूं। जिस लॉज में रहती हूं, शुभम द्विवेदी उसके मालिक का बेटा है। इस लॉज में कई अन्य छात्राएं भी रहती हैं। मैंने दो महीने पहले ही यहां कमरा किराए पर लिया था।

**लगातार 10 दिनों से फोन कर रहा था**

छात्रा ने बताया- पिछले दिनों मैंने एसएससी जूनियर असिस्टेंट परीक्षा पास की है। शुभम पिछले 10 दिनों से लगातार गंदी नीयत से मुझे फोन कर रहा था। लगातार मैसेज करता है और मेरे कमरे में आने की कोशिश करता है। मेरा डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन होना है। इसलिए मजबूरी में यहां रुकी थी।

18 मई की रात भी शुभम मुझे लगातार कॉल-मैसेज करता रहा। कॉल रिसीव नहीं करने पर वह रात 2 बजे आकर मेरे कमरे का दरवाजा पीटने लगा। वह शराब के नशे में था। दरवाजा नहीं खोलने पर उसने कमरा बाहर से बंद कर दिया। पड़ोसी छात्रा का भी दरवाजा बाहर से बंद किया

डरकर मैंने अपने बगल में रहने वाली छात्रा को फोन से कमरे में बुलाया। वह अपनी बहन के साथ रहती है। वह मेरे कमरे में आई, तो शुभम ने लगातार 14 बार उसकी बहन को फोन किया। फिर उसके कमरे का दरवाजा भी बाहर से बंद कर दिया।

कोई रास्ता न देख हम लोग चीखने-चिल्लाने लगे तो शुभम की मां भी आ गई। इसके बाद शुभम ने दरवाजा खोला। फिर हम दोनों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने लगा। विरोध करने पर वह किचन से चाकू ले आया और बगल में रहने वाली दोनों बहनों पर हमला कर दिया। इससे दोनों बहनों को भी चोट लग गई।

**पुलिसवालों के सामने भी मुझे धमकाया**

छात्रा ने बताया- इसके बाद मैंने फोन करने पर पड़ोस में रहने वाले अपने चचेरे भाई को बुलाया। तब उसने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को बुलाया। पुलिसकर्मियों के सामने भी शुभम ने मुझ पर टूटे हुए ग्लास से हमला किया। साथ ही जान से मारने और गायब करवाने की धमकी दी।

शिवकुटी थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि सूचना मिलने पर आरोपी को थाने लाया गया। इसके बाद छात्रा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल, उसे कोर्ट से जमानत मिल गई है।

# निगम से मिलने वाले ज्ञान और कौशल से आत्मनिर्भर बन बेटियां समाज में बनेगी मिशाल : जी श्रीनिवास

मेजा ऊर्जा निगम में नैगम सामाजिक दायित्व के तहत बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 के ग्रीष्मकालीन सत्र का उद्घाटन समारोह आयोजित

**भारत सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पहल से प्रेरित मिशन का उद्देश्य परियोजना प्रभावित गांवों के 60 बालिकाओं को एक माह के प्रशिक्षण के उपरांत चार बालिकाओं का चयन और मुफ्त शिक्षा प्रदान करना**



बालिका सशक्तिकरण अभियान सत्र 2026 के उद्घाटन समारोह में प्रतिभाग करती बालिकाएं एवं उनके अभिभावक गण

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम द्वारा बुधवार को नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 के ग्रीष्मकालीन सत्र के उद्घाटन समारोह का आयोजन सेंट जोसफ स्कूल के ऑडिटोरियम में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जी श्रीनिवास राव एवं श्रीमती कविता राव अध्यक्षा अपराजिता महिला समाज रहीं।उन्होने इस मौके पर सभी को शुभकामनायें दी और बालिकाओं को पढ़ने एवं जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कार्यक्रम की दूरदर्शिता को रेखांकित करते हुए बेटियों को सीधे संबोधित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा ?कि इस चार सप्ताह की कार्यशाला के माध्यम से हमारा उद्देश्य ग्रामीण परिवेश की इन होनहार बेटियों के आत्मविश्वास को जगाना है। उन्होंने बेटियों का आह्वान करते हुए कहा कि आपके सपनों की कोई सीमा नहीं है,आप बिना किसी डर के यहाँ खुलकर सीखें और खुद पर भरोसा रखें। यहाँ से मिलने वाला ज्ञान व कौशल आपको आत्मनिर्भर बनाएगा, जिससे आप समाज में प्रगति और सकारात्मक बदलाव की एक नई मिसाल बनेंगी।कार्यक्रम के दौरान पूर्व के बैच की छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए कि किस प्रकार इस मिशन ने उनके जीवन और दृष्टिकोण को बदला है। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि एसएन पाणिग्रही, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं रीजनल हेड ऑफ एचआर (नॉर्दर्न एंड सदर्न रीजन) ने भी बालिकाओं को संबोधित किया और उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण मानव संसाधन विभागाध्यक्ष विवेक चंद्रा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी बालिकाओं को स्कूल बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन उप महाप्रबंधक मानव संसाधन अजय सिंह के धन्यवाद प्रस्ताव से हुआ। उल्लेखनीय है कि इस एक माह की कार्यशाला का लक्ष्य

बालिकाओं के रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा को उभार कर आत्मविश्वास बढ़ाना एवं सामाजिक समानता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। मेजा ऊर्जा निगम ने 2019 में बालिका सशक्तिकरण अभियान शुरू किया जो भारत सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पहल से प्रेरित है। इस मिशन का उद्देश्य बालिकाओं में स्वास्थ्य, स्वच्छता, आत्मरक्षा, फिटनेस, खेल और योग के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। मेजा ऊर्जा निगम में बालिका सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत इस वर्ष परियोजना प्रभावित ग्रामों के 60 बालिकाओं को ग्रीष्मकालीन आवासीय कार्यशाला के अंतर्गत एक महीने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत चार लड़कियों का चयन किया जाता है और उन्हे मेजा ऊर्जा निगम के स्कूल में बच्चों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बेहतरीन शिक्षा मुफ्त में दी जाती है। कार्यक्रम के दौरान नरेंद्र नाथ सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), अशोक कुमार सामल, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस), शरद सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ), यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि और अन्य वरिष्ठ अधिकारी- कर्मचारी के अलावा अपराजिता महिला समाज की पदाधिकारी, ग्राम प्रधान, बालिकाएँ और उनके अभिभावक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से ही संगठन को मिलेगी मजबूती : अमरेश तिवारी

आगामी कार्ययोजन और संगठन की मजबूती के लिए भाजपा भीरपुर मंडल की आवश्यक बैठक संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** करछना विधानसभा क्षेत्र के भीरपुर मंडल में बुधवार को एक आवश्यक बैठक आयोजित को गई, जिसमें संगठन की मजबूती व आगामी कार्यक्रमों और कार्यों की रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में नवनियुक्त मंडल प्रभारी डॉ. अमरेश तिवारी भी मौजूद रहे। श्री तिवारी आगमन पर कार्यकताओं द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

बैठक के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई। मंडल स्तर से लेकर शक्ति केंद्रों तक संगठन को मजबूत करने और कार्यकताओं की जिम्मेदारियों पर विशेष रूप से चर्चा हुई। साथ ही विभिन्न स्तरों पर संगठन



भाजपा भीरपुर मंडल की बैठक को संबोधित करते नवनियुक्त मंडल प्रभारी अमरेश तिवारी

विस्तार और जनसंपर्क अभियान को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बृजेश निषाद ने की, जबकि संचालन मुकेश शुक्ला ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी डॉ. अमरेश तिवारी ने कार्यकताओं से संगठन हित में पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण से ही संभव है। बैठक में मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी तथा विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के अंत में संगठन को और मजबूत बनाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सीएम का बयान परिषदीय शिक्षकों के लिए है बड़ी सौगात : अनुराग पांडेय

**अटेवा मेजा इकाई के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान का किया स्वागत,कहा इस बयान से परिषदीय शिक्षकों का बढ़ेगा मनोबल, भय मुक्त हो करेंगे कार्य**

**मेजा।** अटेवा मेजा इकाई के अध्यक्ष अनुराग पांडेय ने सीएम योगी आदित्यनाथ के बयान का स्वागत करते हुए कहा कि इससे शिक्षकों का मनोबल बढ़ेगा और वे भयमुक्त होकर बच्चों के बहु आयामी विकास के लिए कार्य कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक बच्चों को अपने परिवार का हिस्सा मानते हैं। विद्यालय को सजाने-संवारने या स्वच्छ रखने के लिए यदि बच्चों का सहयोग लिया जाता है, तो उनकी उम्र और क्षमता का पूरा ध्यान रखा जाता है। अनुराग पांडेय ने कहा



अटेवा इकाई मेजा के अध्यक्ष अनुराग पांडेय

कि ऐसे कार्यों में बच्चों का उत्साह भी देखने को मिलता है और उनमें जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। शिक्षा के साथ श्रम और स्वच्छता का संस्कार बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री की सोच को शिक्षकों के लिए सम्मान जनक बताते हुए कहा कि यह बयान परिषदीय शिक्षकों के लिए बड़ी सौगात के समान है।

# जनस्वास्थ्य की रक्षा को प्रशासन तत्काल करे हस्तक्षेप

## कुंडा केमिस्ट एसोसिएशन का पत्र, कोविड योद्धाओं की भूमिका याद दिलाकर मांगी राहत

अखंड भारत संदेश



**कुंडा।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने जनहित, जनस्वास्थ्य एवं मरीजों की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए जिला प्रशासन व संबंधित विभागीय अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप कर आवश्यक कार्यवाही करने की पुरजोर मांग की है। एसोसिएशन ने एक आधिकारिक पत्र जारी कर दवा विक्रेताओं की समस्याओं की ओर शासन का ध्यान आकृष्ट कराया है।

पत्र में एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि देशभर के केमिस्ट एवं दवा विक्रेता सदैव स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था और औषधि आपूर्ति तंत्र की मजबूत रीढ़ रहे हैं। विशेषकर कोविड-19 महामारी जैसे अभूतपूर्व संकट के समय में, जब पूरा देश लॉकडाउन की स्थिति से जूझ रहा था, उस कठिन दौर में भी कुंडा सहित पूरे देश के दवा व्यापारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर निर्बाध दवा आपूर्ति सुनिश्चित की थी। जीवनरक्षक दवाओं से लेकर ऑक्सीजन व अन्य चिकित्सीय उपकरणों की उपलब्धता बनाए रखने में केमिस्ट समुदाय ने अग्रिम पंक्ति के योद्धा की तरह कार्य किया और अपनी महत्वपूर्ण सामाजिक भूमिका का निर्वहन कियाएसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि दवा व्यापारी केवल व्यवसायी नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवा तंत्र का अभिन्न अंग हैं। अतः जनहित के व्यापक दृष्टिकोण से ह्लउपर्युक्त विषयोंह्व पर शासन-प्रशासन को गंभीरता से संज्ञान लेते हुए अविलंब हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।इस आशय के पत्र पर कुंडा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ओम प्रकाश आर्या (प्रभात एजेंसी, स्टेशन रोड), कोषाध्यक्ष अंकित केसरवानी (अशोक मेडिकल एजेंसी, करेन्टी रोड), महासचिव धीरेन्द्र कुमार मिश्रा (गुरुकृपा मेडिकल एजेंसी, मेन रोड), चेयरमैन माता प्रसाद केसरवानी (न्यू जनता मेडिकल), सह-अध्यक्ष कमलेश कुमार केसरवानी (के.के. मेडिकल स्टोर), उपाध्यक्ष संदीप केसरवानी (जनता मेडिकल स्टोर) समेत दो दर्जन से अधिक दवा विक्रेताओं के हस्ताक्षर हैं। एसोसिएशन ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनके योगदान को देखते हुए सकारात्मक कदम उठाएगा और दवा व्यापार से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करेगा, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ हो सकें।

# जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने पूरेकेशवराय स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था आदि की जांच की, साथ ही उन्होने सीसीटीवी कैमरों के संचालन एवं उनकी सतत निगरानी की स्थिति की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होने निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करायें। उन्होने ईवीएम के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया गया कि ईवीएम वेयरहाउस की निगरानी मुस्तैदी के साथ करते रहे। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत राय उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### किशोरी का अपहरण, आरोपी पर मुकदमा

**प्रतापगढ़।** किशोरी के अपहरण को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के हरनाहर गांव की एक किशोरी को बीती सत्रह मई को सुबह आठ बजे आरोपी द्वारा बहला फुसलाकर अपहृत कर लिया गया। अपहृता की मां की तहरीर पर हरनाहर गांव के संजीत सरोज पुत्र छेदीलाल के खिलाफ अपहरण का केस पुलिस ने दर्ज किया है।

### दुष्कर्म व पास्को का वांछित धराया, गया जेल

**प्रतापगढ़।** दुष्कर्म व पास्को के मुकदमे मे वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। उदयपुर थाना के दरोगा नंदलाल यादव बुधवार की सुबह पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने क्षेत्र के रामपुर कसिहा तिराहे के पास से दुष्कर्म एवं पास्को एक्ट के मुकदमे मे वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। दरोगा ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वांछित सांगीपुर थाना के अमान का पुरवा भोजपुर निवासी विकास सरोज पुत्र फूलचंद्र सरोज को जेल भेज दिया गया।

### राजीव के बलिदान दिवस पर सभा आज

**लालगंज।** दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर आज गुरूवार को यहां कांग्रेस कैम्प कार्यालय पर पूर्वान्ह ग्यारह बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। यह जानकारी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र ने दी है।

### दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**प्रतापगढ़।** रंजिशन मारपीट की घटना को लेकर लालगंज पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के चकौडिया निवासी दिनेश कुमार गौतम पुत्र रामसजीवन ने दी गई तहरीर में कहा है कि सोलह मई की रात करीब साढ़े आठ बजे वह सब्जी लेकर अपने घर पहुंचा। उस समय रंजिश को लेकर पडोसी गोलू व रंजीत पुत्रगण शिवमूरत गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियों ने मारपीट करते हुए जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गोलू समेत दो के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

### शिव की आराधना कल्याण का द्योतक : आनन्दाश्रम



**प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला के समीप जगन्नाथपुर में हो रही श्री शिवमहापुराण कथा में बुधवार को देवाधिदेव महादेव ने शिवलिंग की महिमा का वर्णन किया। कथाव्यास आनन्दाश्रम जी महराज ने बताया कि शिवलिंग की पूजा के विधान और परम्परा को समझाते हुए कहा कि शिव की आराधना कल्याण का द्योतक है। उन्होने कहा कि इस पावन कथा को सुनने से मन को शांति और जीवन से भय का क्षरण हुआ करता है। उन्होने कहा कि शिव काल के नियंत्रक हैं। उन्होने बताया कि भगवान शिव ही शाश्वत सत्य हैं। उन्होने कहा कि शिवलिंग की पूजा से जीवन के पापों का अन्त हुआ करता है और मनुष्य को आरोग्य तथा धन धान्य की प्राप्ति कराया करता है। आनंदाश्रम जी ने बताया कि शिवलिंग की पूजा अकाल मृत्यु के भय को भी दूर कर दिया करती है। कथा के संयोजक गायत्री प्रसाद त्रिपाठी व शांती देवी ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। सह संयोजक यादवेन्द्र त्रिपाठी भोला ने व्यासपीठ का सम्मान तथा अधिवक्ता शिवेन्द्र त्रिपाठी एवं राधाकृष्ण त्रिपाठी ने स्वागत किया। संचालन राघवेन्द्र त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर भूपेन्द्र तिवारी काजू, रामकृपाल तिवारी, पप्पू तिवारी, अनन्तराम त्रिपाठी, सौरभ शास्त्री, बृजभान सिंह, श्याम लाल मौर्य, विनोद शुक्ल, सत्येन्द्र सिंह राठौर, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्र, मान सिंह, सुमित त्रिपाठी आदि रहे।

# दोना पत्तल फैक्ट्री में आगजनी से हडकंप, लाखों का नुकसान



**प्रतापगढ़।** शार्टसर्किट से मिनी फैक्ट्री में आग लगने से बुधवार को इलाके में हडकंप मच गया। लालगंज कोतवाली के अगई गांव में बुधवार की सुबह करीब पौने आठ बजे दोना पत्तल के लिए बनी मिनी फैक्ट्री में अचानक आग फैल गयी। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग भी भयभीत हो उठे। अगई गांव के आशीष तिवारी ने दोना पत्तल निर्मित करने के लिए फैक्ट्री लगा रखी है। आगजनी के कारण शार्टसर्किट माना जा रहा है। काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण किया जा सका। पीड़ित आशीष के मुताबिक करीब बारह लाख के उपकरण आदि का नुकसान हुआ है। सूचना पर एक सौ बारह डॉयल पुलिस भी मौके पर पहुंची। वही फायर बिग्रेड की टीम ने भी आग को काबू पाने के लिए जमकर मशक्कत किया।

# सीएचसी में दुष्कर्म आरोपी पर हमला, पुलिस टीम से मारपीट



अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र में दुष्कर्म और अपहरण के आरोपी को मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाना पुलिस के लिए भारी पड़ गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी परिसर में आरोपी पर हमला कर दिया गया और बीच-बचाव करने पहुंची पुलिस टीम के साथ भी मारपीट की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक पट्टी कस्बे में स्थित सिमरन क्लॉथ हाउस के संचालक गुलजार अहमद के खिलाफ एक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहरण और दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज किया गया था। मंगलवार सुबह पुलिस आरोपी को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी पट्टी लेकर पहुंची थी। इसी दौरान वहां मौजूद 10 से 12 अज्ञात लोगों ने अचानक पुलिस जीप को घेर लिया और आरोपी के साथ मारपीट शुरू कर दी।आरोप है कि जब पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप कर स्थिति संभालने की कोशिश की तो हमलावरों ने उनके साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट की। घटना के दौरान अफरा-तफरी मच गई। पूरा घटनाक्रम वहां मौजूद लोगों ने मोबाइल में कैद कर लिया, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।मामले में कस्बा चैकी इंचार्ज विनय कटिहार की तहरीर पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने 10 से 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा, सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट, गाली-गलौज और धमकी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में एडिशनल एसपी आलोक कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम मामले की जांच में जुटी हुई है।

### पीड़िता के घर पहुंचे विधायक बोले- दोषियों को मिले कड़ी सजा



अपहरण, दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के चर्चित मामले को लेकर पट्टी विधायक राम सिंह पटेल पीड़िता के घर पहुंचे और परिवार से मुलाकात कर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पप्पू यादव समेत कई स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। विधायक ने पीड़ित परिवार से घटना की पूरी जानकारी ली और कहा कि इस मामले में शामिल दोषियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। उन्होंने कहा कि पीड़िता को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए तथा प्रशासन को निष्पक्ष और पारदर्शी कार्रवाई करनी चाहिए। इस दौरान राम सिंह पटेल विधायक ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कार्रवाई में हुई देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इतने गंभीर मामले में पुलिस को तत्काल सख्त कदम उठाने चाहिए थे।

# संविधान हिंदू बाहुल्य पर है टिका : अक्षय प्रताप सिंह

- राजा भइया के समर्थन में एमएलसी गोपाल ने एक्स पर साझा किया पोस्ट
- इतिहास का हवाला देकर चेताया, मुस्लिम बाहुल्य होते ही लागू हो जाएगा शरिया कानून

अखंड भारत संदेश



**कुंडा।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के समर्थन में वर्तमान विधान परिषद सदस्य तथा पूर्व सांसद कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल खुलकर सामने आए हैं। उन्होने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए देश के संविधान और जनसांख्यिकी को लेकर बड़ा बयान जारी किया है। एक्स पर की गई पोस्ट में कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल ने कहा कि राजा भइया की बात को समझने के लिए पहले हमें विश्व के भूगोलिक इतिहास को समझना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में संविधान तभी तक सुरक्षित है जब तक भारत एक हिंदू बाहुल्य देश है। उन्होंने एक्स पोस्ट में इतिहास का उल्लेख करते हुए लिखा कि इस्लामी आक्रमण ने विश्व की कितनी ही सभ्यताओं को मिटा दिया और पूरी की पूरी आबादी का इस्लामीकरण कर दिया। पारशिया में जोहराष्ट्री सभ्यता को धीरे धीरे वहां शरण पाये मुसलमानों ने समाप्त ही कर दिया। वहां के जोहराष्ट्री संविधान मदिदगाँ-ए-हजार-ददिस्ताँ को मुसलमानों की संख्या बढ़ते ही जला दिया गया और शरिया कानून लागू कर-के पारसियों का कत्ल-ए-आम शुरू हो गया। एक्स पर आगे लिखा कि इसी प्रकार रोमन साम्राज्य, मेसोपोटामिया यानी इराक, सीरिया, जार्डन व अन्य कई देश और सभ्यताएँ इस्लामी अतिक्रमण की भेंट चढ़ गईं। वहां जिहाद करके मूल निवासियों को या तो कत्ल किया गया या उनका धर्मांतरण कराकर शरिया कानून लागू कर दिया गया।अपनी पोस्ट में उन्होंने कहा कि विश्व में 56 मुस्लिम देश हैं, इनमें से एक भी देश किसी संविधान से नहीं चलता, सब में शरिया का ही कानून चलता है। इस आधार पर कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल ने एक्स पर चेताया कि जिस दिन यहां मुसलमानों की संख्या अधिक हो गई, उसी दिन वो हमारे संविधान को हटाकर अन्य मुस्लिम देशों की तरह यहाँ भी शरिया कानून लागू कर देंगे। राजा भइया के समर्थन में एक्स पर दिए गए इस बयान को राजनीतिक हलकों में बेहद अहम माना जा रहा है। गोपाल ने अपनी पोस्ट में स्पष्ट किया कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि जहां भी जनसांख्यिकी बदली, वहां की शासन व्यवस्था भी बदल गई। इसलिए भारत की संवैधानिक व्यवस्था की रक्षा के लिए देश का हिंदू बाहुल्य बने रहना आवश्यक है।

# किशोरी का अपहरण, चार के खिलाफ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** लालगंज पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के एक गांव की सत्रह वषीर्या किशोरी को आरोपी द्वारा झांसे मे लेकर भगा लिया गया। तहरीर में पीड़िता के भाई ने कहा है कि बीती चैदह नवंबर को ढ़िगौसी गांव के प्रयांशु सरोज पुत्र ओमप्रकाश सरोज उसकी छोटी बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया। घटना को लेकर आरोपी के पिता ओमप्रकाश व उसके छोटे भाई अंश सरोज तथा उसकी मां कुसुम से पीड़ित ने शिकायत की तो इन लोगों ने कोई जबाब नही दिया। पीडित ने कहा है कि इस बीच पचीस नवंबर को उसने अपनी बहन की शादी तय की। तब आरोपियो ने साजिश कर उसकी बहन को अगवा कर लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्रयांशु समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# विवाहिता की प्रताड़ना को लेकर ससुरालीजनों पर केस

**प्रतापगढ़।** विवाहिता को दहेज के लिए प्रताडित करने को लेकर लालगंज पुलिस ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के सराय जगत सिंह निवासी उदित नारायण पाल की पुत्री सीता पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी शादी बीते वर्ष 2023 में आठ मई को लालगंज कोतवाली के पूरे शिवावैश्य जलेशरगंज निवासी उमेश पाल पुत्र राजाराम पाल के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की प्रताड़ना को लेकर पुलिस ने पीडिता की तहरीर पर आरोपी ससुर राजाराम, सास लीलावती, जेठ राकेश, मुकेश तथा पति उमेश के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई होगी।

# जेसीबी से कब्जे की कोशिश बनी रणभूमि, दो पक्षों में खूनी संघर्ष के बाद आगजनी, गांव में दहशत



**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के करौंदहा गांव में बुधवार सुबह जमीन कब्जे को लेकर ऐसा बवाल मचा कि पूरा गांव रणभूमि में तब्दील हो गया। जेसीबी मशीन से जमीन पर कब्जा किए जाने के आरोप के बाद दो पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते लाठी-डंडों के साथ जमकर खूनी संघर्ष शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के रिहायशी छप्परों में आग लगा दी। आग की लपटों और चीख-पुकार से गांव में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि सुबह 9 बजे एक पक्ष जेसीबी मशीन लेकर विवादित जमीन पर पहुंचा था। आरोप है कि कब्जे की कोशिश का विरोध होते ही कहासुनी शुरू हो गई और कुछ ही देर में दोनों ओर से हमला बोल दिया गया। लाठी-डंडों से हुई मारपीट में कई लोग लहूलुहान हो गए। उग्र हुए लोगों ने एक-दूसरे के छप्परों में आग लगा दी, जिससे दोनों पक्षों के आशियाने जलकर राख हो गए। घटना में एक पक्ष से मंगल, रंजीत, धीरेंद्र, सत्यम और जब्बार सरोज घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष से राजा सरोज, सुनील, संजय, लड्डू, हीराराम, उदयराज, कल्लू, जितेंद्र, सूरज और नीरज घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरगढ़ भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद आसपुर देवसरा थाने की फोर्स ने गांव पहुंचकर हालात को काबू में किया। पुलिस ने मौके से जेसीबी मशीन को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मामले में थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जेठ-जेठानी पर देवरानी से मारपीट का आरोप, पुलिस से की गई शिकायत

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बेला गांव की रहने वाली नेहा चैरसिया ने अपने जेठ और जेठानी पर मारपीट व प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उन्होंने बुधवार के आसपास पट्टी पुलिस को एक प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई है। नेहा चैरसिया ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके पति रोजी-रोटी के सिलसिले में दिल्ली में रहते हैं। घर पर वह अपने डेढ़ साल के बच्चे के साथ अकेली रहती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके जेठ और जेठानी उन्हें आए दिन परेशान और प्रताड़ित करते हैं। बुधवार सुबह करीब 8 बजे उनकी जेठानी उनके कमरे में घुस आईं। नेहा के अनुसार, जेठानी ने उन्हें गालियां देते हुए उनके बाल पकड़े और घसीटते हुए घर से बाहर निकालने लगीं। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो उनके साथ मारपीट की गई। नेहा ने यह भी बताया कि उनके जेठ भी वहां मौजूद थे और उन्होंने भद्दी गालियां देते हुए जेठानी को उकसाया कि श्मारो साली को, यहां से भाग जाएगीश। नेहा का कहना है कि उन्हें इसी तरह आए दिन प्रताड़ित किया जाता है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। हल्का प्रभारी एसआई सरनाम सिंह ने जानकारी दी कि उन्हें प्रार्थना पत्र प्राप्त हो गया है और जांच-पड़ताल के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# भीषण गर्मी में पानी के लिए बेहाल बेलखरनाथ धाम

## पुरुषोत्तम मास मेले में बिजली चिकित्सक व फायर कर्मी नदारत



**बेलखरनाथ धाम।** पौराणिक स्थल बाबा बेलखरनाथ धाम में इस बार अधिक मास का मेला अव्यवस्थाओं के बीच शुरू हो गया है।भीषण गर्मी के चलते धाम में पानी को लेकर भारी समस्या है इसके अलावा चिकित्सक व फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी नहीं है।जिससे शिव भक्तों व दुकानदारों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को पुरुषोत्तम मास मेले का आरंभ हुआ।यहां हजारों की संख्या में शिव भक्त दर्शन पूजन व जलाभिषेक करते हैं।मंदिर के पुजारी बद्रीनाथ गिरी ने बताया कि सबसे बड़ी समस्या पानी व बिजली को लेकर है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगे कैम्प में कोई चिकित्सक नहीं है तथा फायर ब्रिगेड गाड़ी भी नहीं है। भीषण गर्मी में पानी बिजली की समस्या से शिव भक्त व मेले में दूर-दूर से आए दुकानदारों को भारी कठिनाई हो रही है। जबकि इस समस्या से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया था। बावजूद इसके यहां कोई समस्या का हल नहीं निकल सका। जिससे शिव भक्तों व दुकानदारों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# महिला की पिटाई को लेकर चार के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर महिला की पिटाई को लेकर सांगीपुर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के सूबेदार का पुरवा गोडवा निवासी स्व0 छोटेलाल की पत्नी अनारा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके मकान निर्माण को लेकर विपक्षी गांव के राजू पुत्र माताभीख, निर्मला पत्नी राजू, अनुज कुमार सुत मिश्री व अशोक कुमार पुत्र राजू ने उन्नीस मई को रंजिशन उसके साथ मारपीट की। आरोपियो के द्वारा पीडिता पर किये गये पत्थर के हमले मे उसे गंभीर चोटे आ गयी। पीडिता ने शोर मचाया तो आरोपी गालीगलौज करते जानलेवा धमकी देने लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने राजू समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# नगरीय क्षेत्रों में राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में आयु सत्यापन हेतु नए निर्देश जारी

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया है कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत वार्डध्नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले ऐसे वृद्धजनों को बड़ी राहत दी गई है, जिनके पास हाईस्कूल स्तर का शैक्षिक प्रमाणपत्र अथवा परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर उपलब्ध नहीं है। शासनादेश के अनुसार अब ऐसे आवेदकों की आयु सत्यापन के लिए अन्य वैकल्पिक अभिलेख मान्य होंगे। जारी निर्देशों के अनुसार नगरीय क्षेत्र के आवेदक अपनी आयु प्रमाणित करने के लिए राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट अथवा पैन कार्ड का उपयोग कर सकेंगे। यह व्यवस्था केवल नगरीय क्षेत्र के आवेदकों पर लागू होगी। इसके साथ ही आवेदक को निर्धारित प्रारूप पर स्व-घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा, जिसमें यह उल्लेख करना होगा कि उनके पास हाईस्कूल स्तर का शैक्षिक प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं है तथा क्षेत्र में परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर भी नहीं बनाया गया है। निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को आयु प्रमाण के रूप में मान्य नहीं किया जाएगा। आवेदकों को उपरोक्त मान्य अभिलेखों में से किसी एक को ऑनलाइन आवेदन के समय अपलोड करना होगा।

# पुलिस थाना के सामने ऑटो चालक का मिला शव

**अखंड भारत संदेश**

## हाइवे किनारे शव मिलने का लगातार सिलसिला जारी इलाके में सनसनी, हत्या की आशंका जांच में जुटी पुलिस



**हररायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे के किनारे थाना के सामने मंगलवार की देर रात फिर ऑटो चालक का शव मिला है शवों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है थाना के सामने शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ऑटो चालक की हत्या की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर थाने के सामने में मंगलवार की देर रात एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। पुलिस थाने के सामने शव मिलने की घटना ने इलाके में दहशत फैला दी है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए। लोगों के बीच चर्चा है कि आखिर थाना के सामने इस तरह की वारदात कैसे हो गई?मृतक की पहचान प्रयागराज जनपद के पूरामुफ्ती गांव निवासी मंसूर अहमद के रूप में हुई है,जो ऑटो चालक बताया जा रहा है। वह ऑटो चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। बताया जा रहा है कि शव के पास उसकी ऑटो गाड़ी भी खड़ी मिली,जिससे घटना और अधिक संदिग्ध हो गई है। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई और इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी है। वहीं मृतक के परिजन रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे और हत्या की आशंका जताई। परिजनों का आरोप है कि मंसूर अहमद की हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंका गया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कारवाई की मांग की है।स्थानीय लोगों का कहना है कि जब थाना के सामने ही इस तरह शव मिलने लगे तो आम जनता खुद को कितना सुरक्षित महसूस करेगी। लोगों ने पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में भय और चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही अन्य साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है।

## शराबी पति पर पत्नी ने किया पत्थर से प्रहार, पति की मौत



**महेवाघाट कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पभोसा गांव में मंगलवार की रात शराबी पति और पत्नी के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पत्नी द्वारा शराबी पति पर पत्थर से हमला किए जाने के बाद गंभीर रूप से घायल पति की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पभोसा गांव निवासी पप्पू केवट उम्र 42 वर्ष शराब पीने का आदी था। बताया जाता है कि उसका अपनी पत्नी गुड़िया से अक्सर विवाद होता रहता था। ग्रामीणों के मुताबिक, तीन दिन पहले भी दोनों के बीच मारपीट हुई थी,हालांकि तब मामला शांत हो गया था।बीती देर रात पप्पू शराब के नशे में घर पहुंचा और पत्नी से फिर विवाद करने लगा। कहासुनी जल्द ही मारपीट में बदल गई। आरोप है कि इसी दौरान पत्नी गुड़िया ने पत्थर से पप्पू के सिर और सीने पर कई वार किए,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।पप्पू रात भर दर्द से तड़पता रहा। बुधवार सुबह परिजन उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान बुधवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मृतक पप्पू केवट के तीन बेटे राजकुमार उम्र 20 वर्ष गोरेलाल उम्र 15 वर्ष और नीरज उम्र 11 वर्ष हैं। उसकी ससुराल गढ़वा गांव में है। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी जनेश्वर प्रसाद पाण्डेय, पश्चिम शरीरा थाना अध्यक्ष बैकुंठ नाथ पांडे और चौकी इंचार्ज चंपहा अतुल रंजन तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## भारतीय भाषा समर कैम्प की गतिविधियों के आयोजन का सफलता पूर्वक समापन

### प्रधानाचार्या की अध्यक्षता में बच्चों को दिया गया प्रशिक्षण और जानकारी



**कोखराज कौशाम्बी।** राजकीय हाई स्कूल,राला सिराथू में राज्य परियोजना समग्र शिक्षा (भा.) राज्य परियोजना 3050 लखनऊ कार्यालय के यह आदेशा अनुसार विद्यालय में दिनांक 13 मई 2026 से कार्यक्रम की सुरुवात हुई थी जो 20 मई 2026 तक भारतीय भाषा समर कैम्प 2026 (BBSC-2026) का आयोजन एवं उसका प्रभावी क्रियान्वयन हुआ जिसमे क्रमशः निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन हुआ वे निम्नवत रहे कार्यक्रम की सुरवात व कार्यक्रम 13-5-26 को वणर्माला, संख्याएं,हस्ताक्षर,चित्र सामग्री, उच्चारण अभ्यास कराया गया से लेकर 14-5-26 को अ/श उपकरणों का उपयोग,रेस्टोरेन्ट में ऑर्डर देना,यातायात नियम समझाना आदि कार्य कराया गया 15-5-26 को कला संगीत हत्य/ चित्रकला गीतों के माध्यम से भाषा शिक्षण,स्थानीय वाघयत्वों की जानकारी,स्थानीय कला वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया 16-5-26 को शिक्षकों के मार्गदर्शन में पारम्परिक व्यञ्जनों की जानकारी दी गयी।18-5-26 को स्थानीय नायकों स्वतन्त्रता सेनानियों प्रतिष्ठित व्यक्तियों के बारे में लघु कहानी के माध्यम से बच्चों को बताया गया 19.5.26 को इतिहास एवं मूगोल में नदियों, पवर्तो,ऐतिहासिक स्मारकों के आदि का अ/श सामग्री के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया 20.5.2026 को पारम्परिक,खेल प्रेरणा एवं समापन कार्यक्रम में अन्ताक्षरी,शब्द श्रृंखला,प्रश्नोत्तरी आदि कार्यक्रम कराकर समापन किया है। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.प्रतिभा रानी शर्मा, वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती शोभा सिंह, श्रीमती अर्चना मौर्य,श्रीमती अर्चना,श्रीमती विजया कुमारी,परिचारक रवीन्द्र सिंह एवं पूर्व मा० विद्यालय के खेल शिक्षक नृपजीत सिंह सत्वान,ने कार्यक्रमों को क्रियान्वित कराया।

## गड्ढे में गिरा बालू लदा ट्रैक्टर बाल-बाल बचा चालक

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में पभोसा यमुना नदी के घाट से बालू लादकर पश्चिम शरीरा की ओर जा रहा बिना परमिट का ओवरलोड ट्रैक्टर गोराजू टावर के समीप अनियंत्रित होकर गढ़ढे में गिर गया।चालक ने छलांग लगाकर अपनी जान बचा ली या फिर चलते ट्रैक्टर से चालक के कूद जाने के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया है यह जांच का विषय है तेज रफ्तार ट्रैक्टर का अचानक टायर फट गया। अनियंत्रित ट्रैक्टर सड़क किनारे स्थित ठाकुर राजेश सिंह के मकान की रेलिंग तोड़ता हुआ सीधे गढ़ढे में जा गिरा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। मकान मालिक ठाकुर राजेश सिंह ने बताया कि हादसे में उनके मकान की रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई है। चालक ने बताया कि पश्चिम शरीरा क्षेत्र के निवासी बंडे यादव का ट्रैक्टर है मकान को हुए नुकसान की भरपाई का आश्वासन दिया है।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में ओवरलोड बालू वाहन ट्रैक्टर व डंपर संचालन लगातार बढ़ रहा है,जिससे आए दिन इस क्षेत्र में हादसा होते रहते हैं लोगों ने शासन प्रशासन से ओवरलोड वाहनों पर कारवाई करने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# सेंध काटकर चोर उठा ले गये नगदी जेवर सहित 3 लाख का सामान

**अखंड भारत संदेश**

## इसके दो वर्ष पहले भी इसी घर से सामान व पैसा उठा ले जाने की घटना का पुलिस नहीं कर सकी खुलासा



**नेवादा कौशाम्बी।** पिपरी थाना के लोधउर गांव में मंगलवार की रात विधवा महिला के घर में दीवाल में सेंध कर भीतर घुसे चोर पौने दो तोला सोने का जेवर नगद उठा ले गए हैं जानकारी मिलने के बाद परिवार के लोग परेशान हो गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है घटना की जानकारी पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है इसके 2 वर्ष पहले भी महिला के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है पूर्व की चोरी का भी खुलासा नहीं हुआ है और दोबारा महिला के घर में फिर चोरी हो जाने से महिला के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक अंजना सिंह का परिवार गांव के बाहर घर बनाकर रहते थे अंजना सिंह भी अपना घर बनाकर बीते कई वर्षो से रह रही है पति की मौत के बाद एक बेटी के साथ महिला घर में किसी तरह गुजर बसर करती थी मंगलवार की रात बेखौफ चोर घर की दीवार में सेंध लगाकर भीतर घुस गए और घर में के बक्से में रखे लगभग सवा तोला सोने का हार व आधा तोला सोने का झुमका और घर बनवाने के लिए इकट्ठा किया हुआ तीस हजार रुपए नगद उठा ले गए अंजना का आरोप कि इसके दो वर्ष पहले भी इसी घर से चोर सामान व पैसा उठा ले गये थे चोरों के हौसले से परिजन सहमे हुए हैं।

# 15 दिन के बीच लगातार चार बार हमला कर तोड़ दी युवक की हड्डी

**अखंड भारत संदेश**



**एक भी बार नहीं दर्ज हुआ मुकदमा, महिला की मौत के बाद उसकी जमीन का फजी रेहन नामां तैयार कर जमीन हड़पने की कोशिश**

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम गांव में एक युवक पर 15 दिन के बीच चार बार हमला कर उसके हाथ की हड्डी तोड़ दी गई हड्डी टूटने का प्रमाण डॉक्टर ने अपने मेडिकल रिपोर्ट में भी दिया है लेकिन चार बार लगातार हमला किए जाने के बाद एक भी बार का मुकदमा थाना पुलिस ने नहीं दर्ज किया है जिससे हमला करने वाले बेखौफ है मामले में थाना पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े हैं मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है। पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र के मुताबिक चंदन लाल पुत्र चौबेलाल कोरी निवासी काशिया पश्चिम थाना कोखराज तहसील सिराथू का अनुसूचित जाति का व्यक्ति है सरकारी अभिलेखों में चंदन लाल और उसके भाई विनोद वा सनोज उर्फ मनोज कुमार के नाम आराजी खाता संख्या 00 230 दर्ज है जिसमें तीनों भाई अपने हिस्से में काबिज दाखिल हैं चंदन लाल और विनोद कुमार की जमीन के हिस्से में सनोज कुमार उर्फ मनोज कुमार की नियत खराब हो गई और उसके भाई ने साथियों के सहयोग से जमीन पर कब्जा करना शुरू कर दिया जमीन पर कब्जा करने के लिए गांव के मूलचंद उर्फ लालचंद पुत्र सूबेदार पाल को साजिश में शामिल कर लिया चंदन की माता राम सुंदरी की मौत के बाद फजी तरीके से अंगूठा निशान लगाकर 50 रुपए के स्टांप पर फजी रेहन नामा कुसुम देवी पत्नी लाल चंद्र उर्फ मूलचंद के नाम पर तैयार कर लिया जबकि रेहननामा के नियमों के मुताबिक उप निबंधक कार्यालय में रेहन नामां पंजीकृत होता है लेकिन उप निबंधक कार्यालय में राम सुंदरी की ओर से कोई भी रेहन नामा पंजीकृत नहीं किया गया चंदन लाल वा भाई विनोद कुमार की जमीन पर उपरोक्त लोग कब्जा करने लगे धोखाधड़ी फ्रॉड और हेरा फेरी कर फजी स्टांप के जरिए जमीन पर कब्जा करने का प्रयास शुरू हुआ जिसका विरोध हुआ तो लाल चंद्र उर्फ फूलचंद के दोनों लड़के आकाश पाल वा विकास पाल ने 05 मई 2026 को चंदन वा उसकी पत्नी को जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए गाली गलौज किया गोली मार देने की धमकी दी मारपीट के मामले की सूचना थाना पुलिस को दिया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई फिर दोबारा 15 मई 2026 को लालचंद उर्फ मूलचंद के दोनों बेटो ने मिलकर जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए चंदन के साथ मारपीट गाली गलौज किया दोनों बार सूचना देने के बाद मामले में कोई मुकदमा नहीं दर्ज हुआ जिससे आकाश कुमार और विकास कुमार के हौसले बुलंद होते गए और 19 मई 2026 की सुबह 8:00 बजे चंदन अपने खेत पर काम करने गया था इस बीच विकास कुमार और आकाश कुमार वा मनोज उर्फ सनोज और राजकुमारी पत्नी जयचंद के साथ लाठी डंडा लेकर खेत पर पहुंच गए और चंदन तथा उसके भाई विनोद को गाली गलौज किया डंडे से मारा पीटा जान बचाकर दोनों भाई घर भाग गए पीछे-पीछे 2 घंटे बाद चंदन के घर पर विकास आकाश सनोज के साथ चढ़ आए और गाली गलौज करते हुए दोनों भाइयों को फिर मारा पीटा घर की महिलाओं को भी मारा पीटा जिससे चंदन को चोट लगी है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई लेकिन थाना पुलिस ने चौथी बार भी किसी प्रकार का मुकदमा नहीं दर्ज किया आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है बल्कि घायल चंदन वा उसके भाई को पुलिस ने सुबह से शाम तक अपने हिरासत में ले लिया जिससे थाना पुलिस और हमला करने वालों की शिकायत अधिकारियों से घायल ना कर सके।

## ध्रुव और प्रह्लाद चरित्र की कथा सुन भक्तिभाव में डूबे श्रद्धालु



**अझुवा कौशाम्बी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा स्थित शायरी माता मंदिर के समीप पंचम लाल मौर्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। कथा वाचक आचार्य कृपा शंकर महाराज ने ध्रुव चरित्र और प्रह्लाद चरित्र का मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा पंडाल पूरे समय जय श्रीहरि और नरसिंह भगवान की जय के जयघोष से गूंजता रहा।आचार्य कृपा शंकर महाराज ने कथा के माध्यम से भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों और उनके उद्देश्य का सुंदर वर्णन किया।उन्होंने बताया कि सतयुग में भगवान ने हिरण्याक्ष और हिरण्यकशिपु के उद्धार के लिए वाराह और नरसिंह अवतार धारण किया। त्रेतायुग में यही जय-विजय रावण और कुंभकरण के रूप में जन्मे, जिनका अंत भगवान श्रीराम के हाथों हुआ। वहीं द्वापर युग में कंस और शिशुपाल बनकर जन्म लेने पर भगवान श्रीकृष्ण ने उनका उद्धार किया।तीन जन्मों के बाद जय-विजय पुनः बैकुंठ धाम लौटकर भगवान विष्णु के पार्षद बने।कथा के दौरान आचार्य ने बालक ध्रुव की अटूट भक्ति, तपस्या और भगवान के प्रति समर्पण का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सच्ची श्रद्धा और दृढ़ संकल्प से भगवान को भी भक्त के सामने प्रकट होना पड़ता है। उन्होंने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में भी जिसने ईश्वर का साथ नहीं छोड़ा, भगवान स्वयं उसकी रक्षा के लिए नरसिंह रूप में प्रकट हुए।कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ कथा का आनंद लिया। कथा स्थल पर भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालु भगवान के भजनों पर झूमते दिखाई दिए।इस अवसर पर मुख्य यजमान नंद किशोर चौरसिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतिदिन कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना हुआ है।

## डाक्टर की लापरवाही मरीज भती कराने के दो दिन बाद अस्पताल नहीं पहुंचा डाक्टर

### गंभीर हालत में मरीन को लेकर परिजन दूसरे हास्पिटल को हुए रवाना



**कौशांबी।** प्रयागराज जिले के जार्ज टाउन स्थित के पी इन्टर कालेज के सामने मौजूद एक हास्पिटल के डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही से अस्पताल में मरीज तड़पने को मजबूत हो गए हैं सरकार द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार इस अस्पताल का संचालन नहीं हो रहा है अस्पताल में जिन चिकित्सकों के नाम बोर्ड में प्रदर्शित किए गए हैं वह इलाज के समय दिखाई नहीं पड़ते हैं अस्पताल की स्टाफ नर्स स्वास्थ्य मानकों के अनुसार योग्य नहीं है अस्पताल के फार्मासिस्ट भी स्वास्थ्य मानकों की योग्यता नहीं रखते हैं अस्पताल संचालन में फायर ब्रिगेड विभाग के सुरक्षा नियमों का भी पालन नहीं किया गया है अस्पताल परिसर में पर्याप्त पानी के टैंक नहीं है अग्नि बुझाने के यंत्र नहीं लगाए गए हैं उसके बाद स्वास्थ्य विभाग से अस्पताल को पंजीकृत कर दिया गया है जिससे स्वास्थ्य विभाग के कारनामों पर भी सवाल खड़े हैं मरीज को अस्पताल में भती करने के बाद अस्पताल में डॉक्टर नहीं पहुंचते हैं जिससे मरीजों का इलाज नहीं हो पाता है इस अस्पताल में सोरांव फूलपुर के बहरिया थाना क्षेत्र के सन्नईपुर गांव निवासी ज्ञानसिंह नामक मरीज दो दिन पहले इसी हास्पिटल के किसी डाक्टर ने भती करा दिया और भती कराने के बाद मरीज को देखने तक नहीं आया बताया जाता है कि मरीज को भती करने के बाद उसके परिवार से लाखों की डिमांड होती है और मनमानी रकम न मिलने पर इलाज रोक दिया जाता है हास्पिपल के अयोग्य नर्स व अन्य अयोग्य स्टाफ के भरोसे मरीज को छोड़ दिया गया डॉक्टर के ना आने और समुचित इलाज न मिलने से मरीज का मर्ज बढ़ता गया और परिवार के लोग परेशान हो गए मरीज की तबियत में सुधार न आने पर परेशान होकर परिजन मरीज को दूसरे हास्पिटल के लिए लेकर रवाना हो गये हैं अब हास्पिटल के डाक्टर व नर्स एवं स्टाफ पर शासन प्रसाशन कोई कठोर कारवाई करेगा या इसी तरह हास्पिटल के डाक्टर व स्टाप की मनमानी चलती रहेगी मरीज परेशान होते रहेंगे और मुख्य चिकित्सा अधिकारी अस्पताल संचालकों के सामने घुटने टेकते दिखाई पड़ेंगे।

## ओ-लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण दायी संस्था 20 मई से 03 जून तक करें आनलाइन आवेदन

**कौशांबी।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्विनी कुमार ने अवगत कराया है कि अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों को ओ० लेवल एवं सी०सी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने संस्थाओं का आनलाइन आवेदन किए जाने की तिथि 20 मई, 2026 से 03 जून, 2026 तक होगी। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश की वेबसाईट पर दिए गये लिंक पर आनलाइन आवेदन किया जाना एवं मान्यता से सम्बन्धित आधार भूत ढॉचे तथा दिये गये प्रारूप पर नोटरी शपथ-पत्र का विवरण अपलोड करने के साथ हार्ड कापी समस्त अभिलेखों सहित कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी में 03.06.2026 तक जमा किया जाना है। निर्धारित तिथि तक आवेदन प्राप्त न होने की स्थिति में कम्प्यूटर प्रशिक्षण चयन के लिए विचार नहीं किया जायेगा।

# सेवानिवृत प्रधानाचार्य का हुआ भव्य स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

## सेवा निवृत प्रधानाचार्य रामनरेश सिंह द्वारा विद्यालय और विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर बनाने के मकसद से किए गए कार्यो की सराहना



**बैरमपुर कौशांबी।** रानी देवी राम अभिलाष इंटरमीडिएट कॉलेज भगत का पूरा अलवारा के सेवा निवृत प्रधानाचार्य रामनरेश सिंह के सम्मान में 20 मई को स्वागत समारोह का आयोजन रानी देवी राम अभिलाष सिंह इंटर कॉलेज भगत का पूरा अलवारा परिसर में आयोजित किया गया है जहां सेवा निवृत प्रधानाचार्य को माला पहनकर अंगवस्त्र भेट कर तिलक लगाकर उनका भव्य स्वागत शिक्षकों ने किया है उनके द्वारा विद्यालय और विद्याथियों के भविष्य को बेहतर बनाने के मकसद से किए गए कार्यो की सराहना की है। सेवा निवृत प्रधानाचार्य रामनरेश सिंह का स्वागत करने वालों में शिव सूरत सिंह प्रबंधक इंटर कॉलेज राजेंद्र सिंह प्रबंधक पूर्व माध्यमिक विद्यालय पुष्पेंद्र सिंह स्टोनो श्रम न्यायालय अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह शिव मूर्ति द्विवेदी शासकीय अधिवक्ता ज्ञान सिंह पूर्व प्रधानाचार्य कौशांबी इंटरमीडिएट कौशांबी श्याम लाल सिंह पूर्व प्रधानाचार्य सहित तमाम शिक्षक इलाके के सैकड़ो सम्मानित लोग शामिल रहे और प्रधानाचार्य के द्वारा शिक्षण क्षेत्र में किए गए कार्यो की सराहना की है वक्ताओं ने कहा कि रामनरेश सिंह प्रधानाचार्य के कुशल अनुशासन के चलते विद्यालय शिक्षण क्षेत्र में ऊंचाइयों की शिखर पर पहुंचा है उनके द्वारा शिक्षण क्षेत्र में किए गए कार्य हमेशा याद रहेंगे इस मौके पर राजेंद्र सिंह प्रबंधक पूर्व माध्यमिक विद्यालय ,शिव सूरत सिंह प्रबंधक इंटर कॉलेज वा नरेन्द्र सिंह प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज कार्यक्रम के आयोजक रहे।

# न्यूज झरोखा

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की आयोजित हुई वार्षिक बैठक



**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल जनपद कौशांबी की वार्षिक बैठक नगर पालिका परिषद सभागार में प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष प्रवेश केसरवानी ने किया बैठक में जनपद के 30 बाजार के व्यापारिक संगठनों से प्रतिनिधि शामिल हुए नवीन मंडी ओसा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष नेमचंद्र अग्रहरि ने कहा कि मंडी में सरकारी खरीद के क्रय केंद्र खोले जाने से व्यापारियों का व्यापार बंद हो जाता है सरकारी क्रय केंद्र मंडी के बाहर खोला जाए। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कपूर चन्द्र केसरवानी अझुवा ने कहा ऑनलाइन के व्यापार से हम सभी व्यापारियों का व्यापार बंद होने के कगार पर है इस पर सरकार से मांग किया जाए की ऑनलाइन व्यापार बंद किया जाए संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि एनएचएआई के अधिकारियों ने नेशनल हाईवे पर जबरन रोड के साइड कट को बन्द कर रहे है जिससे व्यापार पूरी तरह से बन्द हो रहा है अजुहा बाजार में नेशनल हाईवे पर फ्लाई ओवर बनाए जाने की माँग की गई सभी पदाधिकारियों की समस्याओं को सुनकर प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि ने कहा कि हमारा संगठन आन लाइन व्यापार को पूरा विरोध करता है इस पर देश के प्रधानमंत्री मंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण को ज्ञापन दिया गया है आज की इस बैठक में जो भी समस्याएं आप लोगों ने रखा है संबंधित अधिकारी एवं सरकार के समक्ष रखकर उसका निदान कराया जाएगा। जिला अध्यक्ष प्रवेश केशरवानी ने कहा कि जिला स्तरीय बैठक तीन माह एवं नगरों की बैठक प्रतिमाह संपन्न होगी,नगरो में प्रतिमाह अधिशासी अधिकारी बैठक आयोजित कराते हैं स्थानीय समस्या का समाधान वहां पर हो जाता है जिला स्तरीय समस्या जिला उद्योग बन्धु व्यापार बन्धु श्रम बंधु की बैठक में हल हो जाती है, इसलिए हमारे जिले के किसी भी व्यापारी को कोई समस्या नहीं होने पाएगी प्रांतीय संगठन मंत्री एवं सिराथू व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुष्पेंद्र केसरवानी ने कहा कि हमारे प्रदेश कार्य समिति की बैठक 24 मई को लखनऊ में आयोजित होगी जिसमें आप सभी की समस्याओं को रखा जाएगा बैठक में प्रांतीय मंत्री नरोत्तम केसरवानी जिला महामंत्री प्रमोद साहू जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण चन्द्र वैश्य वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम केसरवानी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंजर अब्बास जिला उपाध्यक्ष शिवकोटि लाल अग्रहरि,शंभूलाल मनौरी जिला मंत्री सुनील कुमार साहू जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया,अझुवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष रमेश अग्रहरि महामंत्री राकेश केसरवानी,करारी व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुशील कुमार मोदनवाल,जिला उपाध्यक्ष व्यापार मंडल बृजेश अग्रहरी,सराय अकिल व्यापार मण्डल अध्यक्ष राकेश अग्रहरी मनौरी व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुधीर कुमार केसरवानी , चरवा व्यापार मण्डल अध्यक्ष कैलाश चंद्र केसरवानी सैयद सरावा व्यापार मंडल अध्यक्ष तौहीद अहमद टेवा व्यापार मण्डल अध्यक्ष राजू केशरवानी,कुम्हियावा व्यापार मंडल अध्यक्ष कुलदीप तिवारी मंडल के अध्यक्ष दिलीप कुमार पश्चिम शरीरा व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन केसरवानी महामंत्री प्रतीक मोदनवाल कोषाध्यक्ष हरि नारायण मंझनपुर व्यापार मण्डल अध्यक्ष अंशुल केसरवानी,महामंत्री अभिषेक गुप्ता,भरवारी व्यापार मण्डल महामंत्री राजेश अग्रहरि, ओसा व्यापार मण्डल अध्यक्ष नेमचंद्र अग्रहरि,अमीना गोराजू अध्यक्ष विमल गुप्ता,हिनौता व्यापार मण्डल अध्यक्ष दिलीप कुमार,युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष हर्ष केसरवानी गोलू, महामंत्री विवेक अग्रहरि युवा जिला उपाध्यक्ष दीपक पांडे युवा उपाध्यक्ष सत्यम अग्रहरि,युवा भरवारी नगर अध्यक्ष शुभम केसरवानी,महामंत्री गौरव वैश्य सौरव अग्रहरि,गौरव अग्रहरि चंद्रकांत मिश्रा नीरज मोदनवाल, राधाकृष्ण जायसवाल जय नारायण गुप्ता उदय अग्रहरि शशि कुमार जिला मीडिया प्रभारी प्रमेश गुप्ता सहित भारी संख्या में व्यापारी शामिल रहे

## सभी थानों की पुलिस ने चौपाल आयोजित कर आमजनमानस को किया जागरूक



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्री सत्यनारायण के निर्देशन में दिनांक 20.05.2026 को जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में चौपाल लगाकर आमजनमानस को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। आयोजित की गयी चौपालों में क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिकों युवाओं, व्यापारियों,महिलाओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सहभागिता की गयी। चौपाल में पुलिस अधिकारियों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता लेने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।इस दौरान साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए लोगों को ऑनलाइन ठगी,फजी कॉल, ओटीपी साझा न करने, सोशल मीडिया फ्रॉड एवं बैंकिंग धोखाधड़ी से सावधान रहने की सलाह दी गई। साथ ही किसी भी साइबर अपराध की सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन अथवा नजदीकी थाने में देने के लिए प्रेरित किया गया सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग,यातायात नियमों का पालन करने तथा नशे की अवस्था में वाहन न चलाने के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया।

## एसपी कौशाम्बी ने पुलिस कार्यालय में की जनसुनवाई



**कौशांबी।** पुलिस कार्यालय कौशाम्बी में दिनांक 20. 05. 2026 को पुलिस अधीक्षक श्री सत्य नारायण द्वारा आम जनमानस की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए, जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को मौके पर जाकर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए,जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय और राहत मिल सके। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाए।

## नाबालिग बालिका को भगा ले जाने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र से 14 जनवरी 2026 को नाबालिग बालिका को झांसी का रहने वाला अजय कुमार बहला-फुसला कर भगा ले गया सैनी कोतवाली पर मु0अ0सं0 16/2026 धारा 137(2)/87बीएनएस पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 20.05.2026 को सैनी कोतवाली पुलिस ने वांछित अभियुक्त अजय कुमार पुत्र पूरन निवासी मारपुरा थाना दभो जनपद भिण्ड मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया है एवं पीड़ित बालिका को बरामद कर लिया है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है

## अहिरारा की पानी की टंकी बनी शो पीस, प्यास से ग्रामीण बेहाल

**कल्याणपुर कौशांबी।** ।सिराथू तहसील के ग्राम पंचायत अहिरारा में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल हेतु पानी की टंकी का भारत सरकार द्वारा निर्माण किया गया लेकिन ऑपरेटर द्वारा ग्रामीणों को समय से पानी न चालू करने की वजह से इस भीषण गमी में एक एक बूंद पानी के लिए ग्रामीण तरस रहे है ।सुबह ,दोपहर,और शाम को पानी की अति आवश्यकता है लेकिन समय पर पानी नहीं मिलता कभी कभी तो रात्रि में पानी चलाया जाता है जब लोग सो जाते है ऐसे पानी की क्या जरूरत है जब लोगों को जब समय से पानी न मिले।अहिरारा की पानी की टंकी शो पीस बन कर रह गई है। इस भीषण गमी में मनमाने ढंग से पानी चलाने की ऑपरेटर की मंशा क्या है यह तो जिम्मेदार ही जानें। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से ग्राम पंचायत अहिरारा की पानी टंकी की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है।

## सम्पादकीय

### विसंगतियों का शिकार नयी पीढ़ी

**नरेन्द्र** मोदी बार-बार देश के भविष्य की बात करते हैं, उसमें वे भाजपा की भूमिका भी रेखांकित करते हैं। लेकिन इस भविष्य में युवा कहां हैं, यह इस समय देश के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय होना चाहिए। क्योंकि असल में तो देश का भविष्य नयी पीढ़ी से ही बनेगा। लेकिन ये नयी पीढ़ी आज जिन समस्याओं और विसंगतियों का शिकार हो रही है, उस पर नरेन्द्र मोदी कुछ नहीं कह रहे हैं। ताजा उदाहरण नीट पेपर लीक मामले का है, जिस पर सीबीआई जांच आगे बढ़ाते हुए गिरफ्तारियां तो कर रही है, लेकिन अब तक शिक्षा मंत्री ने नैतिक आधार पर इस्तीफे की पेशकश नहीं की है। कई छात्रों ने पेपर लीक होने के अवसाद में आत्महत्या कर ली, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अफसोस के दो शब्द उनके लिए नहीं कहे। देश का मुखिया होने के नाते उन्हें सबसे पहले इस बात की फिक्र होनी चाहिए थी कि आखिर किसी भी नौजवान को इस बात की चिंता क्यों हुई कि एक परीक्षा रद्द हो गई तो उसके भविष्य का क्या होगा। सरकार युवाओं को इस बात की आश्वस्ति क्यों नहीं दे सकी कि आईंदा ऐसा नहीं होगा और न ही उसके भावी जीवन पर इससे कोई संकट आएगा। राहुल गांधी समेत विपक्ष के लगभग तमाम नेता पेपर लीक के इस मामले में मोदी सरकार से जवाबदेही की मांग कर रहे हैं। लेकिन हमेशा की तरह सरकार विपक्ष की मांग की उपेक्षा कर रही है। मानो यह कोई राजनीति का विषय है, जिस में अपना वर्चस्व दिखाने के लिए विरोधी पक्ष को नीचा दिखाया जाए।

# इंसान को कीड़ा बनाकर उस पर राज करना आसान है

**शकील अख्तर**

**कहानी** का सार यह है कि कीड़े में बदलने के बाद उसकी कोई उपयोगिता नहीं रहती। और आज भी यही कोशिश हो रही है कि व्यक्ति की सारी उपयोगिता खत्म कर दी जाए। नहीं तो आदमी को काक्रोच कहने का मतलब क्या है? शायद इतना ही कि कीड़े-मकोड़ों पर राज करना आसान है। इंसान कीड़े-मकोड़ों में बदल जाएं तो फिर राज शाश्वत है।

चुपमाएं वह होती हैं जो आदमी को बड़ा बनाएं। उदात्त। और खास तौर से जब वे ऊपर से आ रही हों। लेकिन आज तो तिरस्कार अपमान करने वाले शब्द ही कहे जा रहे हैं। इससे फर्क नहीं पड़ता कि युवा के लिए नहीं फलाने के लिए कहा था। शब्द ही इतना गंदा है कि सभ्य समाज में उपयोग ही नहीं होता। केवल कीटनाशक दवाईयां बनाने वालों के शब्दकोष में ही होता है। इंसान को काक्रोच बना दिया। फिर कहा कि इस वाले इंसान को नहीं उस वाले को बनाया था। इससे पहले कभी सुना नहीं। हां बहुत ही गंदे किस्म के लोग प्रतिक्रियावादी इस तरह की उपमाएं देते थे। मगर चीफ जस्टिस आफ इंडिया सूर्यकांत ने जब पहले देश के बेरोजगार युवाओं के लिए और फिर भारी आलोचना होने पर कहा कि फर्जी डिग्री वालों के लिए कहा है तो सौ साल से ज्यादा पुरानी कहानी कायान्तरण याद आ गई। फ्रेंज काफ्का बहुत बड़े लेखक। उनका लिखा करीब-करीब पूरा हिन्दी में उपलब्ध है। उनकी लंबी कहानी है मेटामॉर्फेसिस। क्लासिक रचना मानी जाती है।

हिन्दी में कई नामों से अनुवाद हुआ है। कायान्तरण, कायाकल्प, रुपान्तरण। क्या जस्टिस सूर्यकांत उसे यथार्थ में उतारना चाहते हैं? पता नहीं उन्होंने पढ़ी है कि नहीं। पढ़ना-लिखना माहौल संगत से होता है। नेहरू के टाइम में देश में पढ़ने-लिखने का शौक था। खुद बड़े लेखक थे। और पढ़ते भी बहुत थे। रात को पढ़ते-पढ़ते सो जाने वाले। किताब सीने पर उलटी रखी हुई। उस वक्त माएं कहती थीं पंडित जी तो प्रधानमंत्री हैं उनकी किताब तो कोई उठा देता होगा तुम्हारी उठाने के लिए तो मुझे रोज जागना पड़ता है। खैर, कहां पंडित जी याद आ गए! मगर क्या करें याद तो उनसे पहले के काफ्का भी आ गए। बड़े लोग याद आएं अच्छे संदर्भों में तो दिल खुश होता है। लेकिन कीड़े-मकोड़ों की बात पर बड़े लोगों का याद आना अच्छा नहीं लगता।

बहरहाल काफ्का बड़े लेखक थे। इसलिए लगता है कि शायद उन्हें पढ़ा होगा। वरना आजकल पढ़ना-लिखना भी गुनाह हो गया है। एक हाईकोर्ट के जज ने एक लेखक एक्टिविस्ट के घर पाई गई विदेशी लेखकों की किताबों पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि इन्हें भारत में पढ़ने की क्या जरूरत? अभी खुद चीफ जस्टिस ने ही अपनी जिस टिप्पणी में काक्रोच और परजीवी (पेरासाइट) कहा है वह एक्टिविस्टों पर भी है। समाज में काम करने वाले लोग प्रधानमंत्री के निशाने पर तो पहले से थे। उन्हें वे अरबन नक्सल, खान मार्केट गेंग, टूलकिट और भैंस उठा कर ले जाएंगे पता नहीं किन-किन नाम से बदनाम करते थे। मगर अब न्यायपालिका भी वही भाषा बोलने लगी तो तो समझ लीजिए यह देश का मेटामार्फासिस करने (कायान्तरण) की तैयारी कर रहे हैं। जैसे उस कहानी में बदल गया वैसे ही वास्तव में इंसान की कीड़े में बदलने की कोशिश। पहले बेरोजगार युवाओं के लिए कहा। भारत की



न्याय व्यवस्था आजादी के बाद से नहीं या अंग्रेजों द्वारा कानून सिविल और क्रीमिनल बनाने से नहीं उससे पहले से न्याय का तसव्वुर पेश करती रही है।

सिंहासन बत्तीसी मतलब विक्रमादित्य का न्याय का सिंहासन या जहांगीर का इंसाफ की घंटा न्याय की पूरी परिकल्पना पेश करते हैं। वहां आज के न्याय के सिंहासन पर बैठे सर्वोच्च न्यायाधीश यह सवाल नहीं उठाते कि बेरोजगारी है क्यों? नौकरियां कहां गईं? सेना तक में ठेके पर लोग क्यों रखे? क्या देश का युवा देश का भविष्य नहीं होता? उसे रोजगार, नौकरी क्यों नहीं?

मगर चीफ जस्टिस ने यह सब नहीं पूछा। 22 लाख से ज्यादा स्टूडेंट एक झटके में निराशा और अनिश्चितता के गर्त में झूल गए। नीट की परीक्षा का पेपर लीक हो गया। चीफ जस्टिस ने नहीं पूछा कि कैसे हुआ? पहली बार नहीं हुआ। दो साल पहले 2024 में भी हो गया था। क्या सबक लिया? क्या कार्रवाई की?

# चीन-अमेरिका की निकटता से भारत के सामने वैश्विक चुनौतियां

**- ललित गर्ग -**

**दुनिया** एक बार फिर ऐसे ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है जहाँ दो महाशक्तियों-अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते संवाद, आपसी मुलाकातों और कूटनीतिक समीकरणों को केवल द्विपक्षीय संबंधों के रूप में नहीं देखा जा सकता। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच संवाद और संभावित समझौतों को लेकर पूरी दुनिया में चचाओं का दौर चल रहा है। एक वर्ग इसे विश्व अर्थव्यवस्था के लिए राहतकारी कदम मान रहा है, क्योंकि इससे बढ़ती महंगाई, व्यापारिक अवरोधों और युद्धजन्य संकटों में कमी आने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है, वहीं दूसरी ओर अनेक विशेषज्ञों का मानना है कि यह निकटता भविष्य में एक ऐसे विश्व संरचना को जन्म दे सकती है जहाँ दुनिया की दिशा पुनः कुछ महाशक्तियों के हाथों में सिमट जाए और विकासशील तथा अर्धविकसित देशों के सामने नई चुनौतियाँ खड़ी हो जाएँ। भारत जैसे देशों के लिए यह परिस्थिति अवसर और चुनौती दोनों लेकर आई है।



आज अमेरिका और चीन मिलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था के लगभग 44 प्रतिशत हिस्से को प्रभावित करते हैं। विश्व व्यापार, तकनीकी विकास, ऊर्जा बाजार, वैश्विक निवेश, वित्तीय संस्थानों और अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक निर्णयों पर इन दोनों देशों का गहरा प्रभाव है। ऐसे में इनके संबंधों में किसी भी प्रकार का बदलाव पूरी दुनिया की दिशा बदलने की क्षमता रखता है। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध, टैरिफ विवाद, तकनीकी प्रतिबंध और ताइवान से जुड़े तनावों ने विश्व अर्थव्यवस्था को गहरे संकट में डाला। कोरोना महामारी के बाद वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएँ टूट गईं, रूस-यूक्रेन युद्ध ने ऊर्जा संकट बढ़ाया और पश्चिम एशिया के संघर्षों ने दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेला। इन परिस्थितियों में यदि अमेरिका और चीन संवाद और सहयोग की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो इससे वैश्विक आर्थिक स्थिरता को बल मिल सकता है।

विश्व अर्थव्यवस्था के संदर्भ में देखा जाए तो अमेरिका और चीन के बीच तनाव कम होने से सबसे पहले वैश्विक बाजारों को राहत मिलेगी। निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा, आपूर्ति श्रृंखलाओं में सुधार होगा और इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा, तकनीक तथा विनिर्माण क्षेत्रों में लागत घट सकती है। इससे महंगाई पर भी नियंत्रण संभव है। किंतु यह केवल तस्वीर का एक पक्ष है। दूसरा पक्ष यह है कि यदि दोनों महाशक्तियाँ वैश्विक व्यापारिक नियमों और आर्थिक नीतियों को अपने हितों के अनुसार तय करने लगें तो छोटे देशों की आर्थिक स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। दुनिया पहले भी उपनिवेशवाद और आर्थिक नियंत्रण की राजनीति देख चुकी है, अब आशंका यह है कि कहीं आर्थिक वैश्वीकरण का नया स्वरूप महाशक्तियों के संयुक्त वर्चस्व में परिवर्तित न हो जाए। इसी संदर्भ में ह्लजी-2ह्व यानी अमेरिका और चीन केंद्रित विश्व व्यवस्था की चर्चा तेज हुई है। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विश्व धीरे-धीरे बहुध्रूवीय व्यवस्था से हटकर दो महाशक्तियों के प्रभाव वाले ढाँचे की ओर बढ़ सकता है। यदि ऐसा हुआ तो वैश्विक नीतियों, व्यापारिक समझौतों और सुरक्षा संबंधी निर्णयों में छोटे देशों की भूमिका सीमित हो सकती है। यह स्थिति भारत जैसे देशों के लिए विशेष चिंता का विषय है क्योंकि भारत हमेशा से बहुध्रूवीय विश्व व्यवस्था और सामूहिक वैश्विक नेतृत्व का समर्थक रहा है। भारत की स्थिति यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत न तो पूरी तरह अमेरिकी खेमे में है और न ही चीन के प्रभाव क्षेत्र में। भारत ने लंबे समय से रणनीतिक स्वायत्तता की नीति अपनाई है। अमेरिका के साथ भारत के रक्षा, तकनीकी और आर्थिक संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। क्वाड जैसे मंचों में भारत की सक्रिय भूमिका है। दूसरी ओर चीन भारत का पड़ोसी देश है और दोनों देशों के बीच सीमा विवादों के बावजूद व्यापारिक संबंध व्यापक हैं। यही कारण है कि अमेरिका और चीन की बढ़ती निकटता भारत के लिए केवल बाहरी घटना नहीं बल्कि रणनीतिक पुनर्मूल्यांकन का विषय है। भारत और चीन की तुलना करें तो चीन ने पिछले तीन दशकों में विनिर्माण, निर्यात, आधारभूत संरचना और तकनीकी उत्पादन के माध्यम से स्वयं को वैश्विक उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित किया।

# देशोन्मुखी और जनहित की नीति से मिटेगी गरीबी

**नीतीश कुमार सिंह**

**हमें** अपने इतिहास को टटोलने की जरूरत है। फिर उन पुख्ता रास्तों पर आज के समय के लिहाज से कदम बढ़ाने होंगे, जिससे हम अपनी आर्थिक बुनियाद को मजबूत करते हुए देशोन्मुखी और गरीबों के लिए लाभदायी व्यवस्था का निर्माण कर सकें। इसमें गांव से शहर की ओर आर्थिक प्रवाह का तंत्र हो जो भारत की गरीबी को खत्म करने में निर्णायक भूमिका अदा कर सके।

भारत समेत दुनिया भर के लिए पिछला एक दशक कठिनाइयों से भरा रहा है। कोरोना की महामारी, युद्ध की समस्या और अब ईरान-इजरायल युद्ध से उपजे ऊर्जा संकट से भारत जैसा करीब 150 करोड़ की आबादी का देश भीतर तक परेशान हो उठा है।

फिलहाल पेट्रोलियम पदार्थों- पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी से बेहद गरीब आबादी और मध्य वर्ग की दाल-रोटी महंगी हो गई है। ऐसे में सरकारें हालातों पर काबू पाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन, वर्क फ्रॉम होम, कार पूलिंग और ऊर्जा के किफायती इस्तेमाल सरीखे तरीके अपनाने के लिए जनता से आह्वान कर रही हैं।

हालांकि गरीबी को जड़ से मिटाने का जतन आजादी के बाद से चल रहा है। इस आपदा भरे दशक में भी चिंता यह है कि इससे कैसे निपटा




जाए। एक नजर डालें तो अंग्रेजों से पहले भारत के आर्थिक विकास का केंद्र गांव ही थे। शहर गांवों पर निर्भर थे। आज गांव शहरों पर। जब अंग्रेजों की शासन व्यवस्था हुई तो जिला और तहसील प्रासंगिक हो गये और कुछ अंग्रेजों ने पूरे भारत पर इसी व्यवस्था के बूते प्रशासन किया। हालांकि इसमें सिर्फ नियंत्रण और शोषण की वृत्ति ही अपनायी गयी।

आजाद भारत के संविधान निमार्ताओं ने नीति निदेशक सिद्धांतों में गांव, गरीब, किसान और भूमिहीन को सशक्त बनाने की दिशा में सोचा। संविधान निमार्ता डॉ. बीआर आंबेडकर इससे सहमति जताई और आर्थिक विकास की सोच को हरेक विचारधारा के लिए स्वतंत्र रखा। परंतु यह सवाल लाजमी है कि इसे कानूनी तौर पर क्यों बाध्यकारी नहीं किया गया जिससे सरकारों को लोक कल्याण करना आदेशमूलक होता। संविधान सभा के सदस्य इस पर भी सवाल उठाते हैं।

केटी शाह का कहना था-'राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत आदेशमूलक व अनिवार्य कर्तव्य हों जिनकी मांग करने का प्रत्येक नागरिक के पास अधिकार हो और मांग की पूर्ति की जाए।' उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई राज्य सरकार इन कर्तव्यों का पालन न कर पाए तो समय-समय पर होने वाले निर्वाचनों में असफल होकर अपदस्थ हो जाएंगी। संविधान सभा को इस पर आगे बढ़कर जहां चाह वहां राह को अपनाना चाहिए।'

संविधान सभा में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत (अनुच्छेद 36 से 51) के 'आर्थिक प्रजातंत्र' के मुद्दे पर 19 नवंबर, 1948 को डॉ. आंबेडकर ने कहा, 'ऐसी अनेकों विधियां हैं जिनके माध्यम से लोग विश्वास करते हैं कि आर्थिक प्रजातंत्र की स्थापना की जा सकती है।

## हाईकोर्ट ने सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज प्राचार्य को दो माह में निर्णय लेने का निर्देश दिया

**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर।इलाहाबाद** उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने ऑटोनॉमस स्टेट मेडिकल कॉलेज, सुल्तानपुर के प्राचार्य को एक स्टाफ नर्स द्वारा दिए गए प्रत्यावेदन पर दो माह के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। यह आदेश माननीय न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की एकल पीठ ने पारित किया।याचिकाकर्ता कीर्ति श्रीवास्तव ने अधिवक्ता अजय बहादुर यादव के माध्यम से रिट-ए संख्या 3705/2026 दाखिल की थी। याचिका में मांग की गई थी कि



उन्हें स्टाफ नर्स के पद पर कार्य करने दिया जाए तथा उनके कार्य में किसी प्रकार का उत्पीड़न या बाधा न उत्पन्न की जाए। साथ ही, उनके द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदन के निस्तारण की भी मांग की गई थी।सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने अपनी प्रार्थना को केवल 19 फरवरी 2026 को प्राचार्य ।

## गोमती मित्र मंडल ने सीताकुंड धाम पर चलाया वृहद स्वच्छता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर आदिगंगा** गोमती की निर्मलता और घाटों की स्वच्छता के लिए समर्पित गोमती मित्रों ने रविवार को सीताकुंड धाम परिसर में वृहद स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया। प्रत्येक रविवार को होने वाले श्रमदान में इस बार परिसर स्थित नालियों की भी तल्लीझार सफाई की गई।सुबह से ही अलग-अलग टोलियां बनाकर पूरे परिसर में सफाई कार्य शुरू किया। एक टोली ने मुख्य घाट,सीढ़ियों और मंदिर परिसर की झाड़ू लगाकर सफाई की तो दूसरी टोली ने धाम परिसर से गुजरने वाली जाम नालियों को



फावड़े से साफ किया।नालियों में जमा प्लास्टिक की बोतलें,पॉलीथिन और अन्य ठोस कचरे को बाहर निकालकर डंपिंग स्थल तक पहुंचाया गया।। जिससे जलभराव की समस्या दूर हुई और पानी का बहाव सुचारू हो सका ।। नदी के किनारों और पानी के भीतर फंसी सड़ी-गली पूजा सामग्री,पुराने कपड़े,प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।अभियान के समापन पर गोमती मित्र मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने वहां मौजूद श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने अपील की कि नदियों को प्रदूषण मुक्त रखना हम सभी का सामूहिक दायित्व है।

श्रमदान में संरक्षक रतन कसौधन,प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन,प्रवक्ता रमेश माहेश्वरी,संत कुमार प्रधान,सेनजीत कसौधन दाऊ,डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह,राकेश सिंह दद्दू,मुन्ना सोनी,रामु सोनी,अजय प्रताप सिंह,राजीव कसौधन,आलोक तिवारी,अरुण गुप्ता,विकास यादव,अभय सोनी,अभय मिश्रा,आयुष सोनी,तुषार, हैप्पी,प्रांजल,राज मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## लेखपालों ने अतिरिक्त क्षेत्रों का चार्ज किया वापिस, जमा किया बस्ता

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर-तहसील** प्रशासन की अनदेखी से नाराज लेखपालों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे लेखपालों ने मंगलवार को अपने अतिरिक्त क्षेत्रों का चार्ज तहसील कार्यालय में जमा कर विरोध दर्ज कराया। इस कदम से तहसील प्रशासन में हलचल मच गई है। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उपशाखा बल्दीराय के बैनर तले लेखपालों ने कहा कि कई बार ज्ञापन देने और समस्याओं से अवगत कराने के बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस पहल नहीं की। मजबूर



होकर अतिरिक्त क्षेत्रों का कार्यभार वापस करना पड़ा।

लेखपालों का आरोप है कि कम स्टाफ के बावजूद उन पर कई गांवों और क्षेत्रों का अतिरिक्त बोझ डाला गया था,जिससे राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे थे और कर्मचारियों पर लगातार मानसिक दबाव बढ़ता जा रहा था। इसके बावजूद प्रशासन समाधान निकालने के बजाय चुप्पी साधे रहा।

## ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में सुल्तानपुर औषधि विक्रेता संघ ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर।ऑनलाइन** दवा बिक्री (ई-फामेर्सी) पर प्रभावी नियंत्रण एवं जनस्वास्थ्य सुरक्षा की मांग को लेकर सुल्तानपुर औषधि विक्रेता संघ द्वारा बुधवार, 20 मई 2026 को प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी सुल्तानपुर को सौंपा गया।ज्ञापन के माध्यम से संघ के पदाधिकारियों ने ऑनलाइन माध्यम से बिना समुचित सत्यापन एवं बिना वैध चिकित्सकीय परामर्श के दवाओं की बिक्री पर गंभीर चिंता व्यक्त की। संघ ने विशेष रूप से युवाओं में



नशीली एवं साइकोट्रॉपिक दवाओं के बढ़ते दुरुपयोग को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से ऐसी दवाएं आसानी से उपलब्ध हो रही हैं, जिससे समाज एवं युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।संघ ने कहा कि स्थानीय मेडिकल स्टोरों पर पंजीकृत फार्मासिस्ट मरीज की स्थिति एवं चिकित्सकीय आवश्यकता का परीक्षण कर दवाएं उपलब्ध कराते हैं ।

## गंभीर अपराधों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, डीएम-एसपी ने अभियोजन और कानून व्यवस्था की समीक्षा की

**अखंड भारत संदेश**

भदोही। जिलाधिकारी शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों, कानून व्यवस्था और प्रवर्तन गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, गंभीर अपराधों में प्रभावी पैरवी और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, सहायक अभियोजन अधिकारियों और अपर शासकीय अधिवक्ताओं



को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का तेजी से निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। महिला अपराध, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार और शस्त्र अधिनियम जैसे गंभीर मामलों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

## शादी का झांसा देकर युवती का शोषण, गर्भवती होने पर छोड़ा साथ

### कार्रवाई न होने से थाने के सामने सड़क पर बैठी पीड़िता, पुलिस ने समझाकर हटाया

**अखंड भारत संदेश**

गोपीगंज। गोपीगंज थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक शोषण करने और गर्भवती होने पर साथ छोड़ देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक पहले से शादीशुदा होने के बावजूद युवती को धोखे में रखकर वर्षों तक संबंध बनाता रहा। जब युवती चार माह की गर्भवती हो गई तो आरोपी ने उस पर गर्भपात कराने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उसने संबंध समाप्त कर लिया। पीड़िता, जो मिजार्पुर जनपद के देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सड़वा की निवासी बताई जा रही है, ने आरोप




लगाया कि आरोपी युवक गोपीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बीरनई का रहने वाला है। युवती का कहना है कि युवक ने विवाह का भरोसा देकर उसके साथ संबंध बनाए, लेकिन बाद में उसे पता चला कि आरोपी पहले से विवाहित है और उसके बच्चे भी हैं। युवती के अनुसार जब वह आरोपी के घर पहुंची और अपने अधिकार की बात कही तो युवक तथा उसके परिजनों ने उसके साथ मारपीट की और घर से भगा दिया। इसके बाद पीड़िता ने बीते 11 मई को गोपीगंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की ।

# रोडवेज कर्मचारी संघ की ताकत के आगे झुका सिस्टम, कर्मियों को मिला बड़ा तोहफा

- परिवहन निगम में कर्मचारियों की जीत
- रोडवेज वर्कशॉप में बदले नियम
- बढ़े मानदेय ने निगम राजनीति में बढ़ाई हलचल

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की कार्यशालाओं में कार्यरत आउटसोर्स तकनीकी कर्मचारियों के लिए आखिरकार राहत भरी खबर सामने आई है। निगम प्रबंधन ने शासन की अधिसूचना और निगम स्तर पर लिए गए नीतिगत निर्णयों के तहत तकनीकी कार्मिकों के मानदेय और श्रेणी निर्धारण में बड़ा बदलाव लागू कर दिया है। इस फैसले के बाद रोडवेज कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ ने इसे कर्मचारियों के लंबे संघर्ष और प्रदेश नेतृत्व



चित्रकूट धाम क्षेत्र बांदा के क्षेत्रीय मंत्री पवन कुमार गुप्ता

की मजबूत पैरवी का परिणाम बताया है। संघ के चित्रकूट धाम क्षेत्र बांदा के क्षेत्रीय मंत्री पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री और पूरी प्रदेश टीम लगातार कर्मचारियों की समस्याओं को निगम प्रबंधन के सामने मजबूती से उठा रही थी, जिसका असर अब साफ दिखाई देने लगा है। आईटीआई कार्मिकों के पारिश्रमिक में वृद्धि, नियमित कर्मचारियों के डीए में बढ़ोतरी और संविदा कर्मियों के मानदेय में सुधार को कर्मचारियों की बड़ी जीत माना जा रहा है। नए आदेश के अनुसार तकनीकी कर्मचारियों को उनके अनुभव के आधार पर अकुशल, अर्द्धकुशल और कुशल श्रेणियों में बांटा जाएगा तथा उसी अनुरूप भुगतान सुनिश्चित होगा। निगम ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्थिति में शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से कम भुगतान नहीं किया जाएगा। इतना ही नहीं, बढ़े हुए मानदेय का अतिरिक्त वित्तीय भार भी निगम स्वयं वहन करेगा। इस फैसले ने रोडवेज कार्यशालाओं में काम करने वाले हजारों कर्मचारियों को नई उम्मीद और सम्मान देने का काम किया है।

# चित्रकूट में 'मुर्गी क्रांति' की दस्तक, जमीन वालों के लिए खुला करोड़ों कमाने का रास्ता

**चित्रकूट।** मुख्य पशुचिकित्साधिकारी चित्रकूट डॉ. जितेन्द्र सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद को कुक्कुट विकास नीति-2022 के तहत कामर्शियल लेयर एवं ब्रायलर पैरेंट फार्म स्थापना के लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। योजना के अंतर्गत 10 हजार, 30 हजार और 60 हजार पक्षी क्षमता की इकाइयों की स्थापना की जाएगी, जिनकी लागत लगभग 99 लाख से लेकर 4.91 करोड़ रुपये तक निर्धारित की गई है। खास बात यह है कि लाभार्थियों को बैंक ऋण पर 5 वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज प्रतिपूर्ति का लाभ मिलेगा। साथ ही बिजली शुल्क में 10 वर्षों तक शत-प्रतिशत इलेक्ट्रीसिटी ड्यूटी छूट और स्टाम्प शुल्क में भी पूरी राहत दी जाएगी। योजना में 18 वर्ष से अधिक आयु के जिले के सभी वर्गों के लोग आवेदन कर सकते हैं। पहली बार आवेदन करने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक किसानों और उद्यमियों को निर्धारित भूमि, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और अन्य दस्तावेजों के साथ संबंधित पशु चिकित्सालय अथवा मुख्य पशुचिकित्साधिकारी कार्यालय में संपर्क करना होगा।

# पेट्रोल की मार के बीच चित्रकूट न्यायालय ने दिखाई हरित भविष्य की राह, जज साहब निकले साइकिल पर



साइकिल से निकलते प्रधान न्यायाधीश समेत अन्य अधिकारीगण

**चित्रकूट।** जिले में बुधवार सुबह न्यायपालिका का एक अलग और प्रेरणादायक चेहरा देखने को मिला, जब वैश्विक तेल संकट और बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को लेकर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव स्वयं साइकिल चलाकर अपने आवास से न्यायालय पहुंचे। सुबह 6 बजे शुरू हुई इस अनोखी यात्रा में सिविल जज (सीडी)/एसीजेएम अंशुमान यादव समेत न्यायालय स्टाफ भी शामिल रहा। करीब 6:30 बजे न्यायालय पहुंचने पर अधिवक्ताओं, वादकारियों और शहरवासियों को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि आज के दौर में साइकिल केवल साधन नहीं, बल्कि पर्यावरण बचाने का सबसे प्रभावी संदेश बन चुकी है। उन्होंने कहा कि छोटी दूरी के लिए मोटरसाइकिल और अन्य वाहनों की जगह साइकिल अपनाने से ईंधन की बचत, कार्बन उत्सर्जन में कमी और स्वास्थ्य लाभ तीनों संभव हैं। इस दौरान पेशकार गौरव यादव, मुंसरिम राकेश कुमार द्विवेदी, स्टेनो आशीष प्रजापति, नाजिर आर्सेंद्र मिश्रा तथा गनर कांस्टेबल संदीप भी मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन योजनाओं का ऑटोमेशन डाटा हुआ सार्वजनिक, ऑनलाइन देख सकेंगे ग्रामवार जलापूर्ति

**चित्रकूट।** जिले में अब गांवों की पेयजल व्यवस्था केवल सरकारी फाइलों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उसकी पूरी हकीकत जनता के मोबाइल स्क्रीन पर दिखाई देगी। जल जीवन मिशन फेज-01 के अंतर्गत संचालित ग्राम समूह पेयजल योजनाओं का ऑटोमेशन डाटा सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध करा दिया गया है, जिससे आमजन भी प्रतिदिन की जलापूर्ति, जल मांग और वास्तविक आपूर्ति की स्थिति ऑनलाइन देख सकेंगे। उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता ने बताया कि चांदी बांगर, सिलौटा मुस्तकिल और रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के ओवरहेड टैंक, पंपिंग स्टेशन और अन्य उपकरणों को आधुनिक ऑटोमेशन तकनीक से जोड़ा गया है। अब किसी गांव में कितना पानी पहुंचा, कितनी मांग रही और कितनी कमी रह गई, इसकी पूरी जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। इतना ही नहीं, टंकियों का जल स्तर, पंपों की कार्यशीलता और वितरण व्यवस्था की तकनीकी जानकारी भी ऑनलाइन मॉनिटर की जा रही है। विभाग का दावा है कि इस तकनीकी व्यवस्था से जलापूर्ति व्यवस्था अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनेगी। किसी भी तकनीकी खराबी या जल संकट की स्थिति में अधिकारियों को तत्काल सूचना मिलने से त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में इसे बड़ी तकनीकी पहल माना जा रहा है।

### कैसे देखें जलापूर्ति?

इसके लिए जेजेएम उत्तर प्रदेश पोर्टल पर जाकर ऑटोमेशन डिटेल फेज 01 विकल्प चुनना होगा। इसके बाद जिला, योजना और संबंधित ओवरहेड टैंक का चयन कर विव डाटा पर क्लिक करने से प्रतिदिन की जलापूर्ति, पानी की मांग, सप्लाई की स्थिति, टंकी में जल स्तर तथा पंप संचालन संबंधी जानकारी देखी जा सकती है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित, किसानों ने रखीं समस्याएं

- योजनाओं और जमीनी सच में टकराव

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को आयोजित किसान दिवस केवल औपचारिक बैठक नहीं बल्कि खेतों की पीड़ा और किसानों के धैर्य की खुली कहानी बन गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में किसान यूनियन और जिले भर से पहुंचे कृषकों ने चकबंदी की उलझनों, अन्ना प्रथा, गौशालाओं की बदहाली, बिजली संकट, सिंचाई की परेशानी और गेहूं खरीद की समस्याओं को लेकर प्रशासन के सामने जमकर आवाज बुलंद की। किसानों का कहना था कि योजनाएं कागजों में दौड़ रही हैं, लेकिन खेतों तक राहत अब भी अधूरी है। जिलाधिकारी ने





किसान दिवस में मौजूद किसान व अन्य

आश्वस्त करते हुए कहा कि विभागीय योजनाओं के लक्ष्य तेजी से पूरे हो रहे हैं और किसान ऑनलाइन आवेदन कर लाभ ले सकते हैं। खरीफ फसल के बीज उपलब्ध होने की जानकारी देते हुए उन्होंने शेष आवारा गौवंशों को शीघ्र संरक्षित कराने के निर्देश मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को दिए। वहीं बिजली संकट को लेकर राजापुर और कर्वी विद्युत वितरण खंड के अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ में 7543 किसानों को लगभग 5 करोड़ 6 लाख रुपये तथा रबी में 366 किसानों को क्षतिपूर्ति राशि दिए जाने की जानकारी दी गई। इस दौरान चयनित किसानों को प्रमाण पत्र और चेक भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में कई विभागीय अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक तथा भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**बबेरू /बाँदा।** कोतवाली क्षेत्र के उमरहनी गांव मे तेज रफ़्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, कार खाई मे पलटी बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको अस्पताल मे भर्ती कराया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत उमरहनी गांव के पास सोमवार की दोपहर बाइक सवार राममिलन पत्र माता बदन उम्र 55 वर्ष व राजन यादव पुत्र छेदी लाल यादव उम्र 42 वर्ष निवासी दोनों परसौली थाना बबेरू यह बाइक में सवार होकर बबेरू से अपने गांव जा रहे थे तभी उमरहनी गांव के पास तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं अनियंत्रित कार खाई में पलट गई। वही राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंचे डायल 112 पी आर बी पुलिस में दोनों घायल 108 एंबुलेंस की मदद से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया. जहां पर डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों को गंभीर हालत देखते हुवे जिला अस्पताल रिफर कर दिया है ।

# युवती ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

अखंड भारत संदेश



**बबेरू/बाँदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के विनवठ गांव मे युवती ने जहरीला पदार्थ ख लिया, वही इलाज के दौरान कानपुर मे युवती की मौत हो गयी, वही परिजनों ने युवती के प्रेमी के खिलाफ कोतवाली मे तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया हैं। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत विनवठ गांव निवासी युवती खुशी देवी पुत्री ललित किशोर सिंह उम्र 20 वर्ष बीते शुक्रवार को प्रेम प्रसंग के चलते घर मे जहरीला पदार्थ खा लिया , परिजनों के द्वारा पहले घरेलू उपचार करवाया, जब दूसरे दिन शनिवार की शाम युवती खुशी की हालत गंभीर होने लगी तो परिजनों के द्वारा जिला अस्पताल मे भर्ती कराया। जहाँ पर डॉक्टरो द्वारा उपचार के बाद कानपुर रिफर कर दिया, वही परिजनों के द्वारा युवती को कानपुर के हैलेट अस्पताल मे भर्ती कराया, जहाँ इलाज के दौरान युवती की मृत्यु हो गयी, वही रविवार को युवती का पोस्टमार्टम के बाद शव को अपने गांव लेकर देर रात्रि लेकर पहुंचे, वही युवती के पिता ललित किशोर सिंह के द्वारा सोमवार की सुबह कोतवाली बबेरू पहुंचकर युवती के प्रेमी शोभित सिंह पुत्र योगेंद्र सिंह उर्फ. सुलखान सिंह के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया है, जानकारी के मुताबिक मृतक खुशी व शोभित पिछले 9 मई को रात्रि को घर से दोनों भाग गए थे, पुलिस ने युवती का पता लगा कर कोतवाली ले आई थी, उसके बाद 14 मई को परिजनों को बुलाकर युवती को सुपुर्द कर दिया गया था। उसके बाद युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जानकारी के मुताबिक मृतक युवती तीन बहन व एक भाई मे दूसरे नम्बर की थी, वही इस घटना से परिवार जानो का रो रोकर बुरा हाल है। वही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह राजावत ने बताया की मृतक युवती के पिता ने जो तहरीर दिया है,तहरीर के आधार व पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

# हाईवे पर खड़ा डंपर बना काल, बच्चों समेत नौ लोग हादसे का शिकार

अखंड भारत संदेश

**मऊ (चित्रकूट)।** बुधवार तड़के मऊ थाना क्षेत्र का हटवा गांव उस समय चीख-पुकार से गूंज उठा, जब कर्वी से प्रयागराज जा रही एक तेज रफ्तार चार पहिया गाड़ी सड़क किनारे खड़े डंपर से जा भिड़ी। सुबह करीब चार बजे राहुल ढाबा के पास हुए इस दर्दनाक हादसे में वाहन सवार नौ लोग घायल हो गए, जिनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। बताया गया कि वाहन चालक राजेश कुमार वर्मा, निवासी जगदीशपुर अहिरानीर थाना फूलपुर वाराणसी, को अचानक झपकी आ गई, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सीधे सड़क किनारे खड़े डंपर में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग अंदर ही



टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त कार

फंस गए। हादसे में सुरेश पटेल, हरिगेन, धनशीरा देवी, सुशीला देवी, विवेक कुमार, पूजा, मधु, परी और रिमझिम घायल हो गए। सूचना मिलते ही एंबुलेंस और पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को सीएचसी मऊ भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सुरेश पटेल, पूजा, मधु और रिमझिम की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद जेसीबी की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन हटाकर यातायात बहाल कराया गया। थाना प्रभारी श्री प्रकाश यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया चालक को आई झपकी हादसे की वजह मानी जा रही है और मामले की जांच की जा रही है।

# पेपर लीक होने से दिव्यांग विश्वविद्यालय में गोपनीयता तार-तार, एबीवीपी ने खोला मोर्चा

- परीक्षा कक्ष से पहले बाहर पहुंचा पेपर
- विश्वविद्यालय में पेपर लीक से बवाल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले स्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में कथित पेपर लीक प्रकरण को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ तीखा मोर्चा खोल दिया है। 12 मई को आयोजित बीए चतुर्थ सेमेस्टर की योग विषय परीक्षा का प्रश्नपत्र परीक्षा शुरू होने से पहले ही एक छात्रा तक पहुंचने के आरोप ने विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिषद कार्यकताओं ने



फोटो– पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन करते छात्र



विश्वविद्यालय गेट के बाहर एकत्रित छात्र

रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। परिषद का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन नियमित रूप से सीटिंग प्लान तक तैयार नहीं करता, जिससे परीक्षा व्यवस्था में अव्यवस्था और अनियमितताओं को बढ़ावा मिल रहा है। नगर मंत्री आनंद जायसवाल ने कहा कि यह घटना सिर्फ एक पेपर लीक नहीं बल्कि मेहनती छात्रों के भविष्य और विश्वास पर सीधा हमला है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समयबद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो विद्यार्थी परिषद सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी। वहीं नगर सह मंत्री अंश प्रताप यादव ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने को विश्वविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं शिक्षा व्यवस्था की साख को कमजोर करती हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए रजिस्ट्रार ने 15 दिनों के भीतर जांच समिति गठित कर निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। हालांकि एबीवीपी ने साफ कर दिया है कि यदि तय समय सीमा में संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो विश्वविद्यालय प्रशासन को व्यापक छात्र आंदोलन का सामना करना पड़ेगा।

# नगर पालिका के बजट की राजनीति में विकास कम चुनावी नगाड़ों की गूंज ज्यादा : सावित्री श्रीवास्तव

- दुगना बजट मांगने पर सियासत गरम

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम नगर पालिका परिषद के पूर्व प्रत्याशी सावित्री श्रीवास्तव ने नगर पालिका के चर्चित बजट को लेकर ऐसा बयान दिया है, जिसने विकास के दावों पर सियासी धूल उड़ा दी है। उन्होंने साफ कहा कि करोड़ों का बजट कोई सरकार की सौगात नहीं, बल्कि विभागीय कर्मचारियों के साथ बैठकर तैयार किया गया अनुमानित मांग पत्र होता है, जिसे परंपरा के अनुसार अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर सरकार को भेजा जाता है। इसमें कर्मचारियों का वेतन, टीए-डीए, रिटायरमेंट फंड, स्टेशनरी, वाहन, बिजली सामग्री, साफ-सफाई, चूना, पार्क, जल स्वच्छता, मठ-मंदिर



सजावट, मेले और बैठकों तक के खर्च को अनुमानित रूप से दुगना दिखाया जाता है ताकि भविष्य की जरूरतों के हिसाब से अधिक धनराशि मांगी जा सके। पूर्व सभासद ने आरोप लगाया कि अब इसी प्रक्रिया को ऐतिहासिक बजट बताकर राजनीतिक उपलब्धि की तरह पेश किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि सरकार केवल मांग सुनती है, अंतिम आवंटन बाद में तय होता है। उन्होंने कहा कि यदि पालिका अपनी आमदनी कम और खर्च ज्यादा दिखाएगी तो सरकार टैक्स बढ़ाने का दबाव बनाएगी, जिसका बोझ अंततः जनता पर पड़ेगा। उन्होंने हालिया कर वृद्धि का उदाहरण देते हुए कहा कि जनता को पहले ही करोड़ों के विकास का सपना दिखाया जा रहा है, जबकि अभी तक वास्तविक धनराशि मिली ही नहीं है। साथ ही उन्होंने यह भी तंज कसा कि बजट आने के बाद बड़े कार्य उन्हीं ठेकेदारों को मिलते हैं जिन्होंने पहले से सहयोग किया होता है। उन्होंने नगर पालिका से मांग की कि जनता के सामने स्पष्ट किया जाए कि किस मद में कितनी धनराशि मांगी गई है और वास्तव में कितना आवंटन मिला है, ताकि विकास और चुनावी प्रचार के बीच का अंतर साफ हो सके।

# बाइस लाख के कर्ज ने छुड़ाए पसीने, कुर्की की आहट सुनते ही जमा हुई रकम

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील में प्रशासन की सख्ती का असर उस समय साफ दिखाई दिया जब दस बड़े बाकीदारों में शामिल ग्राम इटवाडुडैला निवासी नारायण प्रसाद ने 22 लाख रुपये का पूरा बकाया जमा कर दिया। एचडीएफसी बैंक कर्वी का भारी बकाया न चुकाने पर उनके खिलाफ चल-अचल संपत्ति की कुर्की और नीलामी की कार्रवाई शुरू की गई थी। उप जिलाधिकारी मानिकपुर के नेतृत्व तथा संग्रह अमीन ओमप्रकाश के लगातार प्रयासों से आखिरकार बाकीदार को झुकना पड़ा और पूरी धनराशि अदा कर दी गई। इस कार्रवाई को प्रशासन की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# मऊ में सुबह-सुबह 'रेत का खेल' बेनकाब एसडीएम ने दौड़ाकर पकड़ा डंपर

**मऊ (चित्रकूट)।** मऊ में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने ओवरलोड बालू लदे डंपर के खिलाफ फिल्मी अंदाज में कार्रवाई करते हुए उसे चालक समेत पकड़कर सीज कर दिया। क्षेत्र भ्रमण पर निकले एसडीएम की नजर जैसे ही तेज रफ्तार से गुजर रहे बालू डंपर पर पड़ी, उन्होंने वाहन रोकने का संकेत दिया, लेकिन चालक ने रुकने के बजाय डंपर और तेज दौड़ा दिया। इसके बाद प्रशासनिक गाड़ी ने भी पीछा नहीं छोड़ा और कटिया क्षेत्र के पास आखिरकार डंपर को पकड़ लिया गया। मऊ थाने लाकर जांच की गई तो डंपर में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। वाहन में



पकडे डम्पर के साथ एसडीएम

आगे और पीछे दोनों तरफ नंबर प्लेट नहीं लगी थी, जबकि जरूरी दस्तावेज भी अधूरे मिले। एसडीएम राम ऋषि रमन ने बताया कि वाहन ओवरलोड था और चालक ने रोकने पर भागने का प्रयास किया, जिसके चलते डंपर को सीज कर चालक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

# पीएम की अपील का असर, चित्रकूट में विधान परिषद समिति का दौरा टला

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की आश्वासन समिति का 22 एवं 23 मई को प्रस्तावित चित्रकूट भ्रमण कार्यक्रम अचानक स्थगित कर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने बताया कि समिति के सभापति मोहम्मद जासमीर अंसारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक प्रस्तावित थी। हालांकि विधान भवन लखनऊ से प्राप्त निर्देश के अनुसार प्रधानमंत्री की 10 मई की अपील के क्रम में विधान परिषद की सभी संसदीय समितियों के पूर्व निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम अगले आदेश तक स्थगित कर दिए गए हैं।

# मिडिल ईस्ट में होने वाला है कुछ बड़ा?

## पाकिस्तान ने सऊदी अरब में भेजे फाइटर जेट्स और 8000 सैनिक

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** ने आपसी रक्षा समझौते के तहत सऊदी अरब में 8,000 सैनिक, लड़ाकू विमानों का एक स्क्वाड्रन और एक वायु रक्षा प्रणाली तैनात की है। पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य सूत्रों ने सोमवार को रॉयटर्स को यह जानकारी दी। इस्लामाबाद रियाद के साथ सैन्य सहयोग बढ़ा रहा है, ऐसे समय में जब इस्लामाबाद अमेरिका-ईरान युद्ध में मुख्य मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। इस तैनाती की पुष्टि तीन सुरक्षा अधिकारियों और दो सरकारी सूत्रों ने की, जिन्होंने इसे एक मजबूत, युद्ध-सक्षम बल बताया, जिसका उद्देश्य सऊदी अरब की सेना को भविष्य में किसी भी हमले की स्थिति में सहायता प्रदान करना है। पाकिस्तान के सैन्य और विदेश कार्यालय तथा सऊदी अरब के सरकारी मीडिया कार्यालय ने तैनाती के संबंध में टिप्पणी के अनुरोधों का जवाब नहीं दिया। पिछले वर्ष हस्ताक्षरित रक्षा समझौते की पूरी शर्तें गोपनीय हैं। दोनों पक्षों ने कहा है कि इसके तहत हमले की स्थिति में पाकिस्तान और सऊदी अरब एक-दूसरे की रक्षा के लिए




बाध्य हैं। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहले संकेत दिया था कि यह समझौता सऊदी अरब को पाकिस्तान की परमाणु छत्रछाया में रखता है। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान ने लगभग 16 विमानों का एक पूरा स्क्वाड्रन तैनात किया है, जिनमें से अधिकांश चीन के साथ संयुक्त रूप से निर्मित जेएफ-17 लड़ाकू विमान हैं, जिन्हें अप्रैल की शुरूआत में सऊदी अरब भेजा गया था। दो सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान ने ड्रोन के दो स्क्वाड्रन भी भेजे हैं। सभी पांच सूत्रों ने बताया कि तैनाती में लगभग 8,000 सैनिक शामिल हैं, और आवश्यकता पड़ने पर और अधिक सैनिक भेजने का वादा किया गया है, साथ ही एक चीनी मुख्यालय-9 वायु रक्षा प्रणाली भी शामिल है। उन्होंने आगे बताया कि इस उपकरण का संचालन पाकिस्तानी कर्मियों द्वारा किया जाता है और इसका वित्तपोषण सऊदी अरब द्वारा किया जाता है। ईरान संघर्ष के दौरान तैनात सैन्य और वायु सेना कर्मियों की मुख्य भूमिका सलाहकारी और प्रशिक्षण देने की होगी, ऐसा दो सुरक्षा अधिकारियों ने बताया, जिन्होंने दोनों देशों के बीच हुए आदान-प्रदान और सैन्य संपत्तियों की तैनाती से संबंधित दस्तावेज देखे हैं। तीनों सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि इस तैनाती से उन हजारों पाकिस्तानी सैनिकों की संख्या में इजाफा होगा, जिनकी लड़ाकू भूमिका पहले से ही पिछले समझौतों के तहत सऊदी अरब में तैनात थी।

तैनाती का संभावित पैमाना

सरकारी सूत्रों में से एक, जिसने गोपनीय रक्षा समझौते का पाठ देखा है, ने बताया कि इसमें सऊदी अरब में 80,000 तक पाकिस्तानी सैनिकों की तैनाती की संभावना का प्रावधान है, ताकि सऊदी बलों के साथ मिलकर सऊदी अरब की सीमाओं की सुरक्षा में मदद की जा सके।

# 8 हजार कर्मचारियों की जाएगी नौकरी

**अमेरिका**

**दुनिया** की बड़ी तकनीकी कंपनियों में एक बार फिर कर्मचारियों की छंटनी को लेकर चिंता बढ़ गई हैं। इस बार सोशल मीडिया कंपनी मेटा में हजारों कर्मचारियों पर नौकरी जाने का खतरा मंडरा रहा हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा 20 मई से इस साल की पहली बड़ी छंटनी प्रक्रिया शुरू करने जा रही हैं, जिसमें करीब 8 हजार कर्मचारियों के प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि यह संख्या कंपनी के वैश्विक कर्मचारियों का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा हो सकती हैं। इस खबर के सामने आने के बाद कंपनी के भीतर बेचैनी का माहौल बन गया हैं। कई कर्मचारी नौकरी जाने की आशंका के बीच दफ्तर से मुफ्त स्नैक्स, पेय पदार्थ और चार्जर तक इकट्ठा करते नजर आए।गौरतलब है कि मेटा की पूर्व कर्मचारी एडेल वू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए इस माहौल का जिक्र किया हैं। उन्होंने लिखा कि अपने आखिरी साल के दौरान उन्होंने कंपनी में चार से पांच बार छंटनी देखी थी, लेकिन इस बार का माहौल बेहद बड़ा और तनावपूर्ण नजर आ रहा है।




एडेल वू के मुताबिक कई कर्मचारी या तो उम्मीद कर रहे हैं कि उन्हें छंटनी पैकेज के साथ बाहर किया जाए या फिर नौकरी बचाने को लेकर भारी तनाव में हैं। उन्होंने दावा किया कि पिछली बड़ी छंटनी से पहले का माहौल किसी ह्लप्रलयह्व जैसा लग रहा था, जहां लोग रातभर मुफ्त सामान अपने बैग में भर रहे थे।

मौजूद जानकारी के अनुसार मेटा इससे पहले 2022 और 2023 में भी बड़े स्तर पर कर्मचारियों की छंटनी कर चुकी हैं। उस समय कंपनी ने करीब 21 हजार नौकरियां खत्म की थीं और उस दौर को कंपनी ने ह्लकार्यक्षमता का वर्षह्व बताया था। अब कंपनी कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित कार्यप्रणाली की ओर तेजी से बढ़ रही हैं। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग का कहना है कि टीमों को जरूरत के हिसाब से छोटा और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा हैं। माना जा रहा है कि आने वाले समय में कई काम कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से किए जाएंगे, जिससे कर्मचारियों की जरूरत कम हो सकती हैं। इसी बीच एक युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर की पोस्ट भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इस इंजीनियर ने दावा किया कि वह पिछले लगभग एक साल से मेटा में काम कर रहा हैं और उसने पहले कई बड़ी कंपनियों से नौकरी के प्रस्ताव हासिल किए थे।

हालांकि अब छंटनी की आशंका के बीच उसने दूसरी नौकरियों के लिए आवेदन करना शुरू किया, लेकिन मेटा का नाम बायोडाटा में जोड़ने के बावजूद उसे किसी भी कंपनी से साक्षात्कार का मौका नहीं मिल रहा हैं। इंजीनियर ने बताया कि उसने करीब 250 नौकरियों के लिए आवेदन किया लेकिन ज्यादातर जगहों से या तो कोई जवाब नहीं मिला या फिर आवेदन खारिज कर दिया गया है।

उसने बताया कि वह पाइटॉर्च डेवलपर टूलिंग से जुड़े काम में उ++ और पाइथन जैसी तकनीकों पर काम करता हैं। साथ ही कंपनी में अब एआई आधारित कोडिंग को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है।

गौरतलब है कि छंटनी के बावजूद मेटा कर्मचारियों को बड़ा सेवा पैकेज भी दे रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका में प्रभावित कर्मचारियों को 16 सप्ताह के वेतन के बराबर मूल भुगतान, हर साल की सेवा के हिसाब से अतिरिक्त भुगतान और करीब 18 महीने तक स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिया जाएगा।

# भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन से पहले साझेदारी को मिली मजबूती



**नॉर्वे**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने नॉर्वे की अपनी यात्रा के दौरान अपने नॉर्वे समकक्ष जोनास गहर स्टोरे के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। चार दशकों से अधिक समय में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली नॉर्वे यात्रा है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज शामिल थे। नॉर्वेजियन प्रतिनिधिमंडल में स्वास्थ्य एवं सेवा मंत्री जान क्रिश्चियन वेस्ट्रे और विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईडे शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री स्टोरे के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

प्रधानमंत्री मोदी अपनी पांच देशों की यात्रा के चौथे चरण में नॉर्वे में हैं। वे संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड और स्वीडन की यात्रा के बाद ओस्लो पहुंचे। यात्रा के महत्व को रेखांकित करते हुए एक अनूठे राजनयिक संकेत के रूप में, नॉर्वे के प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री मोदी का हवाई अड्डे पर स्वागत करने के लिए उपस्थित थे। नॉर्वे के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नॉर्वे में स्वागत है। यह एक ऐतिहासिक क्षण है: 40 वर्षों से अधिक समय में भारत के प्रधानमंत्री की नॉर्वे यात्रा।

मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि नॉर्वे, नॉर्डिक देश और भारत व्यापार, हरित परिवर्तन और हमारी साझा वैश्विक चुनौतियों पर सहयोग को कैसे मजबूत कर सकते हैं। नॉर्वे के प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में यह बात कही।

# ग्वादर बेस के बदले पाकिस्तान ने चीन से मांगा ऐसा खतरनाक हथियार

**अमेरिका**

**अमेरिका** स्थित एक स्वतंत्र समाचार आउटलेट ड्रॉप साइट न्यूज की खबर के अनुसार, पाकिस्तान ने ग्वादर नौसैनिक अड्डे तक चीनी पहुँच के बदले में चीन से 'समुद्र आधारित परमाणु द्वितीय-हमला क्षमता' की मांग की थी। 18 मई को प्रकाशित एक खबर में, समाचार आउटलेट ने कहा कि उसने इस सनसनीखेज दावे को करने के लिए गोपनीय पाकिस्तानी सैन्य दस्तावेजों की समीक्षा की है। कहा जाता है कि यह मांग 2024 में पाकिस्तानी सेना (फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के नेतृत्व में) और चीन के बीच द्विपक्षीय वार्ता में रखी गई थी। 2024 की शुरूआत में पाकिस्तान ने बीजिंग को निजी तौर पर आश्वासन दिया था कि वह ग्वादर को चीनी सेना के लिए एक स्थायी अड्डे में बदलने की अनुमति देगा। उसी वर्ष बाद में, उसने चीन से परमाणु हथियारों से लैस पनडुब्बियों की मांग की, जिससे पाकिस्तान के वायु और जमीन से दागे जाने वाले परमाणु हथियारों के द्वंद्व को वायु, भूमि और समुद्र आधारित रणनीतिक हथियारों के त्रिपक्षीय में बदला जा सके। चीन ने इस मांग को अनुचित माना और वार्ता रुक गई। ड्रॉप साइट ने सबसे पहले 13 दिसंबर, 2025 को यह खबर प्रकाशित की थी। लेकिन 18 मई को प्रकाशित उनके नवीनतम खुलासे, जिसमें एक शीर्ष गोपनीय संदेश है जिसमें बाइडेन के एक प्रमुख अधिकारी इमरान खान को पद से हटाने के लिए दबाव डाल रहे हैं, के साथ देखने पर परमाणु हथियारों से लैस पाकिस्तान की अपने दो रणनीतिक साझेदारों, चीन और अमेरिका के साथ सौदेबाजी करने की तस्वीर सामने आती है।

# तेल के 'कुबेर' देश में दिखी पीएम मोदी की धमक, स्वागत के लिए नॉर्वे के प्रधानमंत्री ने तोड़े सारे नियम

**ओस्लो**

**ओस्लो** का वो एयरपोर्ट जहां 43 साल बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री कदम रख रहा है। लेकिन दुनिया देखती रह गई। प्रोटोकॉल तोड़कर नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर खुद एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का स्वागत करने पहुंचे। यह सिर्फ एक स्वागत नहीं है बल्कि दुनिया की उभरती शक्ति भारत का सम्मान है। यूएई हो, नीदरलैंड हो या फिर स्वीडन सबकी सफल यात्रा के बाद पीएम मोदी अब अपने पांच देशों के दौरे के चौथे पड़ाव यानी कि नॉर्वे



पहुंच चुके हैं। 2 दिन की इस यात्रा में एजेंडा बहुत बड़ा है और डील उससे भी बड़ी है। दरअसल नॉर्वे यह वह देश है दोस्तों जिसे तेल और गैस का कुबेर कहा जाता है। जिस वक्त मिडिल ईस्ट और ईरान के तनाव से दुनिया में एनर्जी की कीमतें आसमान छू रही है। वहां नॉर्वे एक उम्मीद बनकर उभरा है। नॉर्वे के पास करीब 7 अरब बैरल का तेल भंडार है। तेल और गैस उत्पादन के वहां पर कुल 97 एक्टिव क्षेत्र हैं। अकेले 2026 में नौवे का तेल गैस राजस्व 78 बिलियन से ज्यादा होने का अनुमान है। जैसे कि रिपोर्ट में बताया गया। व्यापार और अनुसंधान शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे और उम्मीद की जा रही है कि इस दौरे में 30 से ज्यादा बड़े समझौते हो सकते हैं।

# 80 मौतों के बाद इबोला को WHO ने की ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित



**कांगो**

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन यानी WHO ने इबोला बीमारी को अंतरराष्ट्रीय चिंता की सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित कर दिया है। यह घोषणा WHO के डायरेक्टर जनरल ने कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और युगांडा में फैल रही इस बीमारी के बाद किया। बता दें कि यह बीमारी बंडी बुग्गियो वायरस के कारण फैलती है। लेकिन इसी के साथ ही हल्ड ने यह भी साफ किया है कि फिलहाल यह स्थिति पेंडेमिक इमरजेंसी यानी महामारी आपात स्थिति के मानदंडों को पूरा नहीं करती। इसका मतलब यह है कि बीमारी गंभीर तो है लेकिन अभी कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के स्तर पर नहीं पहुंची है। हल्ड ने यह फैसला इंटरनेशनल हेल्थ रेगुलेशन 2005 के अनुच्छेद 12 के तहत किया है। इस बात की जानकारी हल्ड की सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर साझा की गई है।

साझा पोस्ट के मुताबिक डायरेक्टर जनरल ने यह निर्णय लेने से पहले कांगो और युगांडा की सरकारों से सलाह मशवरा किया। बता दें कि इन दोनों जगहों पर फिलहाल यह बीमारी फैली हुई है। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी के मुताबिक शनिवार तक कांगो के इटोरी प्रांत में कम से कम तीन स्वास्थ्य क्षेत्रों, बुनिया, स्वानपारा और मोगोब्वालू में इस बीमारी से 80 संदिग्ध मौतें हो चुकी हैं। इनमें आठ मामलों की पुष्टि भी हो चुकी है। जबकि 246 संदिग्ध केस सामने आए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य विनिमय के प्रोविजन के तहत हल्ड के महानिदेशक जल्द ही इमरजेंसी कमेटी की एक बैठक बुलाएंगे।

# अमेरिकी प्रतिबंध पर भारत का दो टूक जवाब, : रूस से तेल का आयात जारी रहेगा

**रूस**

**भारत** ने कहा है कि रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रहेगी, भले ही रूस से संबंधित एक महत्वपूर्ण अमेरिकी प्रतिबंध छूट की अवधि समाप्त हो गई हो। सोमवार को एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि पश्चिमी प्रतिबंधों में बदलाव के बावजूद, देश की ऊर्जा नीति किफायती और आपूर्ति सुरक्षा पर केंद्रित रहेगी। यह बयान रूसी तेल व्यापार से जुड़ी प्रतिबंध छूट की अवधि समाप्त होने के बाद बढ़ती वैश्विक चिंता के बीच आया है, जिसके तहत पिछली अमेरिकी व्यवस्था के अंतर्गत कुछ लेन-देन की अनुमति थी। इस घटनाक्रम के बावजूद, नई दिल्ली ने स्पष्ट कर दिया है कि उसके आयात संबंधी निर्णय ऐसी नीतिगत बदलावों से प्रभावित नहीं होंगे।

रूसी तेल आपूर्ति स्थिर

एक मीडिया ब्रीफिंग में बोलते हुए, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि छूट प्रणाली के विभिन्न चरणों में रूस से भारत की तेल खरीद स्थिर रही है। उन्होंने कहा कि रूस पर अमेरिकी छूट के संबंध में मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगी कि हम पहले भी रूस से खरीद रहे थे... मेरा मतलब है छूट से पहले भी, छूट के दौरान भी और अब भी। शर्मा ने आगे कहा कि भारत की कच्चे तेल की खरीद मुख्य रूप से व्यावसायिक विचारों और बाजार की स्थितियों द्वारा निर्देशित होती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा दी गई छूट की अवधि समाप्त होने से रूस से देश की



खरीददारी के तरीके पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वैश्विक अनिश्चितताओं और तनावों के बावजूद, जो शिपिंग मार्गों को प्रभावित कर रहे हैं, भारत की ईंधन आपूर्ति स्थिर और सुरक्षित बनी हुई है। शर्मा ने कहा कि कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त कच्चे तेल की आपूर्ति बार-बार सुनिश्चित की गई है और छूट मिले या न मिले, इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

खाड़ी देशों में तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों पर दबाव

पश्चिमी एशिया में जारी तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे प्रमुख शिपिंग मार्गों में संभावित व्यवधानों की चिंताओं के कारण हाल के दिनों में वैश्विक तेल की कीमतें अस्थिर बनी हुई हैं। ब्रेंट क्रूड 0.93 प्रतिशत बढ़कर 110.28 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) 0.85 प्रतिशत बढ़कर 106.32 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। हाल के वर्षों में, रूसी तेल भारत के विविध आयात विकल्पों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है, मुख्य रूप से अन्य वैश्विक आपूर्तिकताओं की तुलना में इसकी रियायती कीमतों के कारण। अधिकारियों का कहना है ।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# क्यूबा में ईरान-रूस की एंट्री ! 300 ड्रोन ने अमेरिका पर कब्जा किया

## ट्रम्प प्रशासन की चिंता

**अमेरिका**

**अमेरिका** और क्यूबा के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ता नजर आ रहा है। हाल ही में सामने आई एक रिपोर्ट ने वॉशिंगटन की चिंता बढ़ा दी है। अमेरिकी मीडिया संस्था की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप प्रशासन क्यूबा को संभावित सुरक्षा खतरे के रूप में देख रहा है। दावा किया गया है कि क्यूबा ने 300 से ज्यादा सैन्य ड्रोन हासिल कर लिए हैं और जरूरत पड़ने पर अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाने की तैयारी कर रहा है।

मौजूद जानकारी के अनुसार अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को ऐसी सूचनाएं मिली हैं जिनमें कहा गया है कि हवाना में अधिकारियों के बीच अमेरिकी सैन्य अड्डों और जहाजों को लेकर चर्चा हुई हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि तनाव बढ़ने की स्थिति में ग्वांतानामो बे स्थित अमेरिकी नौसेना अड्डे, समुद्र में मौजूद अमेरिकी युद्धपोतों और फ्लोरिडा के की वेस्ट इलाके को संभावित निशाना बनाया जा सकता हैं।

बताया जा रहा है कि अमेरिका की सबसे बड़ी चिंता यह है कि इतनी उन्नत ड्रोन तकनीक उसके बेहद करीब मौजूद हैं।



गौरतलब है कि क्यूबा के रूस और ईरान के साथ लगातार मजबूत होते रक्षा संबंध भी अमेरिका के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हवाना में ईरानी सैन्य सलाहकारों की मौजूदगी को लेकर भी अमेरिकी एजेंसियां सतर्क हैं।

एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा गया कि जब ऐसी तकनीक अमेरिका की सीमा के इतने करीब पहुंच जाए और उसमें रूस, ईरान या अन्य संदिग्ध संगठनों की भूमिका दिखाई दे, तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकता हैं।

इसी बीच बढ़ते तनाव के माहौल में सीआईए प्रमुख जॉन रैटक्लिफ ने गुरुवार को क्यूबा का दौरा किया। उन्होंने क्यूबा के अधिकारियों को किसी भी तरह की शत्रुतापूर्ण गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी दी। साथ ही उन्होंने हवाना से यह भी कहा कि अगर वह अमेरिकी प्रतिबंधों में राहत चाहता है तो उसे अपनी मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव करना होगा।

हालांकि क्यूबा ने इन सभी आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया हैं। क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज परिला ने अमेरिका पर झूठा माहौल बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि क्यूबा किसी देश को धमकी नहीं देता और न ही युद्ध चाहता है।

ब्रूनो रोड्रिगेज परिला ने यह भी कहा कि क्यूबा को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत अपनी सुरक्षा का अधिकार प्राप्त हैं और अगर किसी बाहरी हमले की स्थिति बनती है तो देश अपनी रक्षा करने के लिए तैयार रहेगा।

गौरतलब है कि अमेरिका और क्यूबा के रिश्ते लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं। शीत युद्ध के दौर से ही दोनों देशों के बीच राजनीतिक और सैन्य टकराव की स्थिति बनी रही हैं। हालांकि समय-समय पर रिश्तों में सुधार की कोशिशें भी हुई, लेकिन हालिया घटनाओं ने एक बार फिर दोनों देशों के बीच अविश्वास बढ़ा दिया है।